NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 13 अंक: 351 लखनऊ, बुधवार 07 अगस्त 2024 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## फीजी कंपैनियन आफ द आर्डर आफ फिजी से सम्मानित हुईं राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी ने दी बधाई

एजेंसी।

नई दिल्ली राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियामे मैवलीली कटोनिवेरे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से सम्मानित किया। यह फिजी का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह सम्मान भारत और फिजी के बीच मित्रता के गहरे संबंधों का परिचायक है।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मंगलवार को फिजी के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार श्कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजीश से सम्मानित किया गया। फिजी की दो दिवसीय यात्रा पर आईं राष्ट्रपति ने इस सम्मान को भारत और फिजी के बीच ष्दोस्ती



के गहरे संबंधों का प्रतिबिंबष बताया। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इस द्वीपसमूह राष्ट्र की पहली यात्रा है। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियामे मैवलीली कटोनिवेरे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से सम्मानित किया। यह फिजी का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह सम्मान भारत और फिजी के बीच मित्रता के गहरे संबंधों का परिचायक है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि फिजी के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से सम्मानित होने पर राष्ट्रपति जी को बधाई। यह प्रत्येक भारतीय के लिए अत्यंत गर्व और खुशी का क्षण है। यह राष्ट्रपति जी के नेतृत्व के साथ–साथ भारत और फिजी के बीच ऐतिहासिक लोगों से लोगों के जुड़ाव की भी मान्यता है। गृह मंत्री अमित शाह ने लिखा कि राष्ट्र के सर्वोच्च नागरिक सम्मान कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से सम्मानित होने पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को मेरी हार्दिक बधाई। यह सम्मान न केवल विश्व मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाता है, बल्कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और राजनयिक संबंधों को भी मजबूत करता है, जो मानवता की भलाई के लिए हमारी साझेदारी की पुष्टि करता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने फिजी संसद को भी संबोधित किया।

## अयोध्या गैंगरेप केस में आरोपी का डीएनए टेस्ट कराएगी पुलिस

संवाददाता।

लखनऊ आरोपित सपा के भदरसा नगर पंचायत अध्यक्ष मोईद खान और उसके सहयोगी राजू को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेकर पीड़ित परिवार से भेंटकर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया था और आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई थी।लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने अयोध्या में 12 साल की बच्ची के साथ गैंग रेप में अपने मुस्लिम नेता और वहां नगर अध्यक्ष मुईन खान को बचाने के लिये काफी आपत्तिजनक तरीके से डीएनए



टेस्ट कराने की जो मांग की थी, उस पर अब पुलिस ने भी अपनी मोहर लगा दी है। पुलिस ने आरोपित की डीएनए जांच कराने का निर्णय लिया है। वहीं गैंग रेप के आरोपी दुष्कर्म की शिकार किशोरी के घरवालों ने गर्भपात की सहमति दे दी है। डीएनए के संबंध में उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक साइंस के संस्थापक निदेशक डा. जीके गोस्वामी ने बताया कि डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट आने की अवधि । जांच की प्रकृति पर निर्भर करता है। कपड़ों, बाल या घटनास्थल से एकत्र नमूनों के मिलाने में समय लगता है, लेकिन इस प्रकरण में पीड़िता, भ्रूण और आरोपित की जांच रिपोर्ट तीन से चार दिन में आ सकती है। इसके लिये किशोरी की प्राथमिक जांच कराई गई है, विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम भी बन गई है। उधर, परिवार की सहमति के बाद गत दिवस सीएमओ संजय जैन किशोरी को लेकर लखनऊ रवाना हुए। दोपहर बाद तीन बजे उसे गर्भपात व बेहतर उपचार के लिए कड़ी सुरक्षा में लखनऊ के क्वीनमेरी अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपित सपा के भदरसा नगर पंचायत अध्यक्ष मोईद खान और उसके सहयोगी राजू को पहले ही जेल भेजा जा चुका है।

## संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल से मिले राहुल गांधी, डैच को लेकर दी बड़ी गारंटी

एजेंसी।

नई दिल्ली कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल और जयराम रमेश भी बैठक में उपस्थित थे, जो हाल ही में संसद में गांधी के साथ किसान प्रतिनिधिमंडल की बैठक के बाद हुई थी। गांधी ने इस बात पर जोर दिया कि इंडिया ब्लॉक एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी हासिल करने के लिए दृढ़ है।लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और एमएसपी के लिए कानूनी



गारंटी और कर्ज से मुक्ति के लिए सरकार पर दबाव डालने सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने संसद भवन परिसर में उनके कार्यालय में गांधी से मुलाकात की, जहां उन्होंने एमएसपी पर कानूनी आश्वासन की अपनी मांग दोहराते हुए, देश भर के किसानों की विभिन्न कठिनाइयों पर प्रकाश डाला। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल और जयराम रमेश भी बैठक में उपस्थित थे, जो हाल ही में संसद में गांधी के साथ किसान प्रतिनिधिमंडल की बैठक के बाद हुई थी। गांधी ने इस बात पर जोर दिया कि इंडिया ब्लॉक एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी हासिल करने के लिए दृढ़ है। उन्होंने कहा कि यह ब्लॉक इस प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए सरकार पर दबाव डालेगा। गैरसरकारी संगठन 'सर्व सेवा संघ' के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी गांधी से मुलाकात की संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक गांधी द्वारा संसद भवन परिसर में एक अन्य किसान प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के कुछ सप्ताह बाद हुई है। राहुल गांधी ने संसद के अंदर और बाहर बार–बार कहा है कि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने दिल्ली में कुलियों के एक समूह से मुलाकात की। एक कुली, मोहम्मद करीम अक्रान ने इस मुलाकात के बाद कहा कि मैंने राहुल गांधी को बताया कि देश के अलग–अलग हिस्सों से कुली यहां इकट्ठा हुए हैं। 2008 में, लालू प्रसाद यादव (तत्कालीन रेल मंत्री) ने हमें ग्रुप डी का दर्जा दिया, जिसके कारण हम अपना घर चला रहे थे।

## जम्मू-कश्मीर 8 अगस्त से घाटी के दो दिवसीय दौरे पर ईसी की टीम, सितंबर में चुनाव की उम्मीद

, tslhA

जम्मू–कश्मीर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) जहां पूरी ताकत के साथ जम्मू–कश्मीर में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है, वहीं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अभी भी सशंकित है। जम्मू–कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले राजनीतिक गतिविधियों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। चुनाव आयोग की टीम 8 अगस्त से 2 दिवसीय दौरे पर जम्मू–कश्मीर पहुंच रही है। उम्मीद है कि घाटी में चुनाव लगभग छह साल के अंतराल के बाद सितंबर में हो सकते हैं। निर्वाचन आयोग विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेगा। इसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एस एस संधू भी होंगे। यह दौरा केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव कराने के लिए उच्चतम न्यायालय की 30 सितंबर की समयसीमा से कुछ हफ्ते पहले होगा। आयोग दस अगस्त को कानून लागू करने वाली एजेंसियों के साथ समीक्षा बैठक के लिए जम्मू का दौरा करेगा। ऐसी उम्मीद है कि घाटी में चुनाव लगभग छह साल के अंतराल के बाद सितंबर में हो सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) जहां पूरी ताकत के साथ जम्मू–कश्मीर में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है, वहीं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अभी भी सशंकित है। जम्मू–कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले राजनीतिक गतिविधियों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। बीजेपी ने जम्मू में एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है और पार्टी को चुनाव की तैयारी शुरू करने का आदेश जारी किया है।

## गरूड़ कमांडो दे रहे पहरा, एशिया का सबसे सेफ एयरबेस बना शेख हसीना का नया ठिकाना

एजेंसी।

नई दिल्ली हिंडन एयरबेस एशिया का सबसे सुरक्षित एयरबेस माना जाता है। वो एयरबेस जिसपर भारतीय वायुसेना का फुल कंट्रोल है। जहां से वायु सेना सबसे ज्यादा संचालित होती है। जहां पर भारतीय वायुसेना के एक से बढ़कर एक विमान और फाइटर जेट मौजूद हैं। आसमान में हर पल उड़ते हेलीकॉप्टर, गरूड़ कमांडो का सबसे मुस्तैद पहरा इस समय हिंडन एयरबेस पूरी तरह से भारतीय वायुसेना की निगरानी में आ चुका है। पूरी तरह से हिंडन एयरबेस को अपने सुरक्षे घेरे में लेते हुए वायुसेना ने पक्का किया है कि शेख हसीना को सुरक्षित रखा जाए। उनके लिए पिछले 24 घंटे शेख हसीना के लिए सबसे कठिन और कमजोर 24 घंटे थे। जान को खतरे के बीच शेख हसीना बांग्लादेश छोड़ भारत तो आ गईं। लेकिन अब तक उन्हें मिल रहे संरक्षण के पीछे भारतीय वायु सेना के गरूड़ कमांडोज की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। हिंडन एयरबेस एशिया का सबसे सुरक्षित एयरबेस माना जाता है। वो एयरबेस जिसपर भारतीय वायुसेना का फुल कंट्रोल है। जहां से वायु सेना सबसे ज्यादा संचालित होती है। जहां पर भारतीय वायुसेना के एक से बढ़कर एक विमान और फाइटर जेट मौजूद हैं। शेख हसीना ने अब तक भारत नहीं छोड़ा है। खबरे थी कि शेख हसीना बांग्लादेश से लंदन जाएंगी। इसके लिए उन्होंने सबसे पहले भारत आना चुना। भारत आने के बाद शेख हसीना अभी तक यहां से नहीं गई हैं। किसी सेफ जगह उन्हें ले जाया जाए इससे पहले उन्हें हिंडन एयरबेस के सेफ हाउस में रखा गया है। जहां पर हर पल उनकी संरक्षण



के लिए गरूड़ कमांडोज मौजूद हैं। हिंडन एयरबेस का सेफ हाउस किले में तब्दील हो चुका है। 440 लोगों की मौत

बांग्लादेश में सरकार विरोधी प्रदर्शन में मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 440 हो गई। स्थानीय मीडिया में आई खबरों के मुताबिक शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से सोमवार को इस्तीफा देने और देश छोड़ने के बाद हुई हिंसा की घटनाओं में 100 से ज्यादा की मौत हुई है। हिंसा प्रभावित देश में सेना स्थिति को नियंत्रित करने में जुटी हुई है। 'बीडीन्यूज24 डॉट कॉम' समाचार पोर्टल ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने के बावजूद मंगलवार को स्थिति सामान्य होने के संकेत मिले तथा पुलिस और सेना सड़कों पर गश्त कर रही है। पोर्टल ने कहा कि सोमवार को अशांति और रातभर के तनावपूर्ण हालात के बाद ढाका में मंगलवार सुबह स्थिति मुख्य रूप से शांत रही।

## उद्धव के दिल्ली दौरे को लेकर संजय निरुपम ने साधा निशाना, कहा- व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा ज्यादा महत्वपूर्ण

एजेंसी।

नई दिल्ली आगामी विधानसभा चुनाव से पहले बेहतर डील हासिल करने के लिए ठाकरे दिल्ली गए थे। निरुपम ने दावा किया, ऐसा प्रतीत होता है कि वह बारिश से प्रभावित लोगों की पीड़ा को संबोधित करने के बजाय अपने राजनीतिक हितों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। शिव सेना नेता संजय निरुपम ने मंगलवार को अपने तीन दिवसीय दिल्ली दौरे को लेकर सेना प्रमुख उद्धव ठाकरे की आलोचना करते हुए कहा कि ठाकरे अपनी मुख्यमंत्री पद की महत्वाकांक्षाओं के लिए महाराष्ट्र के बारिश



प्रभावित लोगों की अनदेखी कर रहे हैं। उन्होंने यहां संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राष्ट्रीय राजधानी का अपना दौरा रद्द कर दिया क्योंकि नासिक, पुणे और राज्य के अन्य हिस्से मूसलाधार बारिश से प्रभावित हैं। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले बेहतर डील हासिल करने के लिए ठाकरे दिल्ली गए थे। निरुपम ने दावा किया, ऐसा प्रतीत होता है कि वह बारिश से प्रभावित लोगों की पीड़ा को संबोधित करने के बजाय अपने राजनीतिक हितों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि सेना प्रमुख कांग्रेस से समर्थन मांग रहे हैं क्योंकि वह आगामी विधानसभा चुनाव के बाद फिर से मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। ठाकरे दिन में पहले दिल्ली पहुंचे। उनके कई कांग्रेस नेताओं और इंडिया ब्लॉक के घटकों से मिलने की उम्मीद है। उद्धव ठाकरे का लक्ष्य महा विकास अघाड़ी का मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनने का है। लेकिन शरद पवार इसके खिलाफ हैं क्योंकि पवार चाहते हैं कि उनकी बेटी सुप्रिया सुले मुख्यमंत्री बनें। ठाकरे ने प्रभावी रूप से कांग्रेस पार्टी के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है, लेकिन इसके लिए कई दावेदार हैं।

## दिल्ली में एनसीआर तो अब लखनऊ में बना एससीआर

संवाददाता।

लखनऊ अपर मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन नितिन रमेश गोकर्ण द्वारा जारी अधिसूचना में लखनऊ समेत छह जिलों हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली और बाराबंकी को इसमें शामिल किया गया है। इन जिलों की 27,826 वर्ग किमी भूमि को एससीआर में शामिल हो जायेगी।लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के आसपास के जिलों का सामूहिक विकास करने के लिए योगी सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की तर्ज पर उप्र राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) विकास प्राधिकरण की स्थापना कर दी है। इसके लिये शासन ने गत दिवस देर रात अधिसूचना जारी कर दी। मुख्यमंत्री प्राधिकरण के अध्यक्ष, जबकि मुख्य सचिव उपाध्यक्ष रहेंगे। इसके अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारियों, जिलों के डीएम, विकास प्राधिकरणों के उपाध्यक्षों को प्राधिकरण का सदस्य नामित किया गया है। अपर मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन नितिन रमेश गोकर्ण द्वारा जारी अधिसूचना में लखनऊ समेत छह जिलों हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली और बाराबंकी को इसमें शामिल किया गया है। इन जिलों की 27,826 वर्ग किमी भूमि को एससीआर में शामिल हो जायेगी। इसका मुख्यालय लखनऊ में बनाया जाएगा।

## फिर आई हसीन दिलरूबा का प्रीमियर 9 अगस्त 2024 से नेटफ्लिक्स पर!

मुस्कुराये! फिर आई हसीन दिलरुबा लखनऊ में है!

लखनऊ,(आरएनएस) नेटफ्लिक्स ने अपनी अत्यधिक प्रतीक्षित सीक्वल, ''फिर आई हसीन दिलरुबा'' की लखनऊ के प्रतिभा थिएटर में विशेष स्क्रीनिंग कर फैंस को रोमांचित कर दिया। इस फिल्म के चार कलाकार तापसी पन्नू, विक्रांत मेसी, सनी कौशल, और जिमी शेरगिल ने इस विशेष स्क्रीनिंग के लिए लखनऊ पहुँचकर सभी को अपने आकर्षण का दीवाना बना दिया। इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार हो रहा था, जो फैन्स द्वारा अपने पसंदीदा सितारों को देखने के लिए उमड़ी भीड़ से स्पष्ट था।

इस थिएटर में उत्साहित फैन्स, प्रेस और इन्फ्लुएंसर्स के बीच सभी लोग इस फिल्म के हाई ऑक्टेन रोमांच का अनुभव लेने के लिए उत्सुक थे। इस फिल्म की दिलचस्प स्टोरीलाईन ने सभी की दिलचस्पी बनाकर रखी, जो तालियों की गड़गड़ाहट और प्रशंसा के साथ समाप्त हुई। कलाकारों की जबरदस्त ऊर्जा और रोचक बातचीत के साथ यह कार्यक्रम काफी सफल रहा, और अब नेटफ्लिक्स पर इस फिल्म के रिलीज होने का उत्साह काफी बढ़ गया है।इस फिल्म का जादू सिटी ऑफ नवाब में बिखेरने के लिए इसकी स्टार कास्ट, लखनऊ पहुँची थी। अपनी आगामी फिल्म की प्रमोशनल ईवेंट में ये चारों कलाकार लखनऊ के रूमी दरवाजा गए, जहाँ उन्होंने इस प्राचीन स्मारक के सामने एक खूबसूरत पोज दिया।जयप्रसाद देसाई द्वारा निर्देशित और कणिका ढिल्लों द्वारा लिखित एवं सहनिर्मित तथा आनंद एल राय के कलर यलो प्रोडक्शंस एवं भूषण कुमार की टी सीरीज फिल्म्स द्वारा निर्मित फिल्म, फिर आई हसीन दिलरुबा एक रोमांचक कहानी है। इस फिल्म का प्रीमियर नेटफ्लिक्स पर 9 अगस्त, 2024 को हो रहा है। इसका उत्साह बढ़ता ही चला जा रहा है, जो दर्शकों के बीच ब्लॉकबस्टर हिट होने वाली है। फिर आई हसीन दिलरुबा नेटफ्लिक्स पर 9 अगस्त, 2024 से स्ट्रीम होगी!

## मनरेगा में मांग के अनुरूप शत-प्रतिशत श्रमिकों को मिल रहा रोजगार काम

### गरीबी उन्मूलन में सहायक सिद्ध हो रही मनरेगा योजना

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में प्रदेश में मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रहे परिवारों के इच्छुक वयस्क सदस्यों को उनकी मांग के अनुसार रोजगार उपलब्ध करने का उद्देश्य शत–प्रतिशत पूरा हो रहा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) एक मांग–आधारित मजदूरी रोजगार कार्यक्रम है। उत्तर प्रदेश में गरीब परिवारों को आर्थिक तौर पर मजबूत करना और ग्रामीण परिवेश में रह रहे वयस्क नागरिकों को रोजगार के लिये न भटकना पड़े, इसको लेकर लगातार मनरेगा के माध्यम से श्रमिकों को रोजगार उनके ही गाँव में उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्राम्य विकास विभाग द्वारा समय–समय पर जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से रोजगार सृजन किया जा रहा है। ग्राम्य विकास विभाग का उद्देश्य ग्रामीण परिवेश में रहने वाले लोगों को उन सभी मूलभूत सुविधाओं को पहुँचाना है, जो आम जनता को मिलनी चाहिए।गांवों में रहने वाले श्रमिकों को समय–समय पर रोजगार उपलब्ध कराना भी विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जाता है। ग्राम्य विकास विभाग मनरेगा योजना के अंतर्गत आने वाले विभिन्न कार्यो के माध्यम से ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध करा रहा है।वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024–25 में रोजगार की मांग के अनुरूप करीब–करीब 100 फीसदी रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में 58,42,483 से अधिक श्रमिकों ने रोजगार की मांग की, जिसमें लगभग सभी को रोजगार उपलब्ध करा दिया गया है।

## मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने समर्थ ई.आर.पी. की उपयोगिता और प्रगति पर की चर्चा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शिक्षा में तकनीकी नवाचार

लखनऊ(आरएनएस)। उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा डा० राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ में 05 अगस्त 2024 से 08 अगस्त 2024 तक राज्य विश्वविद्यालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए समर्थ ई.आर.पी. पोर्टल के क्रियान्वयन हेतु फाइनेंस एवं एकाउन्ट्स मॉड्यूल पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है।कार्यशाला के दूसरे दिन मंगलवार को उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने समर्थ ई.आर.पी. के महत्व और इसके क्रियान्वयन की प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उच्च शिक्षा को तकनीक से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।ै।ड।त्ज्भ् म–ळवअ यम्त्च्द्ध एक ई–गवर्नेंस प्लेटफॉर्म है जिसे शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार और दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा विकसित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों की प्रक्रियाओं को स्वचालित (ऑटोमेटेड) करना है, जिससे सूचना तक निर्वाध पहुँच और प्रक्रियाओं में उत्पादकता में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के 26 राज्य विश्वविद्यालयों में समर्थ ई.आर.पी. का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इनमें से 22 विश्वविद्यालयों में लीव मॉड्यूल को लागू कर दिया गया है, 24 विश्वविद्यालयों में पे रोल मॉड्यूल के कन्फीग्रेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है, और 14 विश्वविद्यालयों द्वारा जुलाई 2024 का वेतन समर्थ ई.आर.पी. के माध्यम से जनरेट किया गया है। इसके अलावा, 19 विश्वविद्यालयों ने अपने समर्थ पोर्टल पर 7000 से अधिक सम्बद्ध महाविद्यालयों का विवरण अपलोड किया है, और 8 विश्वविद्यालय प्रवेश प्रक्रिया के लिए समर्थ ई.आर.पी. के माध्यम से लाइव हो चुके हैं।

# साल में केवल 1 बार लगातार 5 साल तक फाइलेरिया रोधी दवाएं खाने से इस रोग से हमेशा के लिए सुरक्षित रह सकते हैं डा. ए. के. चौधरी , राज्य कार्यक्रम अधिकारी, फाइलेरिया

'लखनऊ(आरएनएस) दृ राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा 10 अगस्त , 2024 से प्रदेश के फाइलेरिया प्रभावित 17 जनपदों, (औरैया, बहराइच, बलरामपुर, बस्ती, इटावा, फर्रुखाबाद, गाजीपुर, गोंडा, देवरिया, गोरखपुर, कन्नौज,, कुशीनगर, महाराजगंज, संतकबीर नगर, श्रावस्ती, सिद्धार्थ नगर और सुल्तानपुर ) में दो दवाओं (डी.ई.सी. और एल्बेन्डाजोल) के साथ और 10 जनपदों (सीतापुर, रायबरेली, मिर्जापुर, लखीमपुर खीरी, कौशाम्बी, कानपुर नगर, कानपुर देहात, फतेहपुर, चंदौली और हरदोई ) में तीन दवाओं (डी.ई.सी., एल्बेन्डाजोल और आईवरमेक्टिन) के साथ मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम (आईडीए ) शुरू किया जा रहा है । फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के सम्बन्ध में मीडिया की सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा करने हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उत्तर प्रदेश एवं ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटजीज द्वारा अन्य सहयोगी संस्थाओं यथा विश्व स्वास्थ्य संगठन, पाथ , प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल और सीफार के साथ समन्वय स्थापित करते हुए, मीडिया सहयोगियों के साथ आज लखनऊ में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया ।निदेशक संचारी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उत्तर प्रदेश डॉ. आर. पी. सिंह सुमन ने कहा कि आगामी 10 अगस्त से शुरू होने वाले एमडीए कार्यक्रम में कुल 61512 टीमें बनाई गयी हैं , जिसमें 1,23,024 स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से, जिसमें 1 पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता और 1 महिला कार्यकत्री द्वारा पात्र लाभार्थियों को फाइलेरियारोधी दवाएं अपने सामने ही खिलवायेंगी ।उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की सफलता में सामुदायिक सहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका है, क्योंकि फाइलेरिया का खतरा प्रत्येक व्यक्ति को है और इसीलिए, इसका उन्मूलन करना हम सबकी नैतिक और सामूहिक जिम्मेदारी है ।राज्य कार्यक्रम अधिकारी, फाइलेरिया, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उत्तर प्रदेश डॉ. ए. के. चौधरी ने बताया कि एमडीए के दौरान 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को ये दवाएं नहीं खिलाई जाएगी। डॉ. सिंह ने बताया कि मोर्बिडिटी मैनेजमेंट एंड डिसेबिलिटी प्रिवेंशन (एम.एम.डी.पी.) यानि रुग्णता प्रबंधन एवं विकलांगता की रोकथाम द्वारा लिम्फेडेमा से संक्रमित व्यक्तियों की देखभाल एवं हाइड्रोसील के मरीजो का समुचित इलाज प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं । रक्तचाप, शुगर, अर्थरायीटिस या अन्य सामान्य रोगों से ग्रसित व्यक्तियों को भी ये दवाएं खानी हैं । सामान्य लोगों को इन दवाओं के खाने से किसी भी प्रकार के दुष्प्रभाव नहीं होते हैं और अगर किसी को दवा खाने के बाद उल्टी, चक्कर, खुजली या जी मिचलाने जैसे लक्षण होते हैं तो यह इस बात का प्रतीक हैं कि उस व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के परजीवी मौजूद हैं, जोकि दवा खाने के बाद परजीवियों के मरने के कारण उत्पन्न होते हैं । उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान किसी लाभार्थी को दवा सेवन के पश्चात किसी प्रकार की कोई कठिनाई प्रतीत होती है तो उससे निपटने के लिए हर ब्लॉक में रैपिड रेस्पोंस टीम तैनात रहेगी । उन्होंने यह भी बताया कि यदि समुदाय के सभी लोग 5 साल तक लगातार साल में केवल 1 बार फाइलेरिया रोधी दवाओ का सेवन करे तो फाइलेरिया रोग से हमेशा के लिए सुरक्षित रहा जा सकता है । उन्होंने बताया कि इस अभियान में सभी वर्गों के 6 करोड़ 70 लाख लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवाईयों की निर्धारित खुराक प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा बूथ एवं घर–घर जाकर अपने सामने मुफ्त खिलाई जाएगी एवं किसी भी स्थिति में दवा का वितरण नहीं किया जायेगा ।

# भाजपा सरकार जनेश्वर मिश्र पार्क को बदसूरत और बदहाल बनाने पर उतारू – अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस) । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव कल 05 अगस्त 2024 को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जनेश्वर मिश्र की जयंती पर जनेश्वर मिश्र पार्क श्रद्धासुमन अर्पित करने गए थे। वहां उन्होंने इस पार्क की जो दुर्दशा देखी उससे वे काफी क्षुब्ध तथा चिंतित हुए। लोगों की जिंदगी में भी हरियाली का एहसास हो इस उद्देश्य से यह पार्क बना था। भाजपा सरकार इसे बदसूरत और बदहाल बनाने पर उतारू है ।प्रकृति का सौंदर्य न केवल धरती के परिवेश को अपितु जीवन में भी रंग–उमंग भरने में समर्थ होता है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पर्यावरण संरक्षण में विशेष अभिरुचि रही है और उन्होंने अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में जो कदम उठाए उनका प्रतिफल आज भी मिल रहा है। अखिलेश यादव ने अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में जहां राजधानी लखनऊ में 376 एकड़ में जनेश्वर मिश्र पार्क का निर्माण कराया, जो लंदन के हाईड पार्क के तर्ज पर उतने ही क्षेत्रफल में बना है। वहीं इटावा में एक हजार एकड़ में लायन सफारी बनाकर उन्होंने वन्य जीवों के संरक्षण के साथ वन संरक्षण की दिशा में भी काम किया। इसके अलावा एक हजार एकड़ में ग्रीन बेल्ट विकसित की गई थी। यह अलग बात हैं कि लायन सफारी में जहां दशक पूर्व के प्रयासों के सुफल स्वतः मिलने लगे हैं वहीं राजनीतिक विद्वेष भावना के चलते लखनऊ में जनेश्वर मिश्र पार्क का सौंदर्य बिगाड़ने में भाजपा सरकार कोई कोरकसर नहीं छोड़ रही है। लायन सफारी की हरियाली और जनेश्वर मिश्र पार्क की हरियाली से पर्यावरण संतुलन की अनोखी भूमिका निर्मित हुई है। इटावा के लायन सफारी का प्राकृतिक वातावरण आने जाने वालों का मन मोह लेता है। न केवल पर्यटक अपितु यहां रह रहे वन्य जीव भी अपने को प्राकृतिक रूप से सहज पाते हैं। उनका पूरी तरह संरक्षण होता है। लायन सफारी में जैव विविधता का अनोखा संगम है। यहां विभिन्न प्रजातियों के 450 किस्म के वृक्षों की पंक्तियां जहां हवा में हिलोरें लेती है वहीं 65 प्रजाति की तितलियां उड़ान में रंग बिखेरती हैं। 223 किस्म के पक्षी यहां उड़ान भरते है। लायन सफारी में गुजरात और दूसरे स्थानों से शेर और अन्य वन्यजीव लाने का काम श्री अखिलेश यादव ने ही किया था। यहां 16 तेंदुए और भालुओं के अलावा लेपर्ड भी लाए गए थे। राजधानी का जनेश्वर मिश्र पार्क अपने विस्तारित क्षेत्र में हरियाली से हराभरा लोगों को संजीवनी में ऑक्सीजन प्रदान करता है। इस पार्क का सौंदर्य जहां मनोहारी है वहीं स्वास्थ्य की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। यहां खेलकूद, बच्चों के मनोरंजन और बोटिंग की व्यवस्था है। झील में पानी की लहरों के बीच बोटिंग की सुविधा की गई है। अखिलेश यादव ने अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में जनेश्वर मिश्र पार्क में झील के लिए विशेष नावें मंगाई थी। अजीब यह है कि अब झील के किनारे भाजपा सरकार के मंत्रियों के नाम की पट्टियां लगाई जा रही है। जनेश्वर मिश्र पार्क के सौंदर्य को बिगाड़ने में भाजपा सरकार को कोई संकोच नहीं है। तमाम प्रजातियों के खूबसूरत पेड़ों के रखरखाव में लापरवाही हो रही हैं। बच्चों के खेल के उपकरण खराब हो रहे हैं। वहां जूरासिक पार्क बनाकर प्राकृतिक सौंदर्य का स्वरूप खराब करने का काम नहीं होना चाहिए। ग्रीन बेल्ट का स्वरूप बिगाड़ा जा रहा है। प्रकृति के साथ खिलवाड़ के दुष्प्रभावों की जानकारी से अनजान भाजपा सरकार ऐसे खतरनाक कार्यों को कर रही है।

# डायसन ने लखनऊ में अपना पहला डेमो स्टोर लान्च किया

लखनऊ,(आरएनएस) रू आज डायसन इंडिया ने लखनऊ में अपना पहला डायसन डेमो स्टोर लुलु मॉल में लॉन्च किया है। शहर के सबसे बड़े मॉल्स में से एक स्थित इस डायसन डेमो स्टोर में डायसन के सभी उत्पाद मिलेंगे। इस स्टोर में ग्राहकों को यह समझने में मदद मिलेगी कि डायसन टेक्नोलॉजी कैसे काम करती है। यहाँ पर ग्राहकों को देखने को मिलेगा कि डायसन वैक्यूम कितना प्रभावशाली काम करता हैं, और अलग–अलग तरह के फर्श से किस प्रकार अदृश्य अनाज और कागज के टुकड़े, विभिन्न तरह की धूल आदि को साफ कर देता है। हवा की गुणवत्ता के प्रदर्शन के साथ उन्हें हाथों–हाथ इनडोर एयर क्वालिटी में सुधार होते देखने को भी मिलेगा। इस स्टोर में दो डायसन स्टाईलिंग स्टेशन भी हैं, जहाँ ग्राहक लेटेस्ट डायसन ब्यूटी टेक्नोलॉजी की मदद से अपने बालों को स्टाईल करा सकेंगे। इसके अलावा, इस स्टोर में डायसन वियरेबल श्रेणी के लिए एक अनुभवात्मक समर्पित जोन भी है, जहाँ ग्राहक डायसन के हाई–फाईडेलिटी हेडफोन का अनुभव ले सकते हैं और उन्हें खरीद सकते हैं। यहाँ पर डायसन ओनर और शॉपर्स डायसन के उत्पादों का इस्तेमाल करके देख सकेंगे, ताकि वो उन्हें खरीदने से पहले आजमाकर देख सकें और अपनी जरूरतों के अनुरूप सबसे उचित मशीन खरीद सकें।डायसन इंडिया के एमडी, अंकित जैन ने कहा, ''डायसन में हमारा मानना है कि डायसन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके देखना इसका अनुभव पाने का सबसे अच्छा तरीका है। हमारे डेमो स्टोर में ग्राहक ये उत्पाद खरीदने से पहले उनका उपयोग करके देख सकते हैं। लखनऊ में अपने पहले डेमो स्टोर की शुरुआत के साथ हमें अपनी टेक्नोलॉजी ग्राहकों तक पहुँचाने की खुशी है। हमारे डेमो विशेषज्ञ इस शहर में ग्राहकों को व्यक्तिगत मार्गदर्शन व सहयोग प्रदान करेंगे ताकि उन्हें शॉपिंग का बेहतर अनुभव प्राप्त हो सके।''

# दुग्ध समितियों के दुग्ध मूल्य भुगतान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए–धर्मपाल सिंह

## सभी मिल्क पार्लरों को सक्रिय किया जाए और पराग के उत्पादों की मार्केटिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि दुग्ध समितियों के दुग्ध मूल्य भुगतान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। अक्रियाशील दुग्ध समितियों को पुनर्जीवित करने के प्रयास किये जाए। पराग के सभी मिल्क पालर्स को सक्रिय किया जाए और पराग के उत्पादों की मार्केटिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि नन्द बाबा दुग्ध मिशन पोर्टल में दुग्ध समितियों का डाटाबेस तैयार कराया जाए। पशुपालकों एवं किसानों को प्रशिक्षित किया जाए एवं दुग्ध उत्पादन में नई तकनीक व नई जानकारी देने का कार्य विभाग द्वारा किया जाए ताकि प्रति पशु दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि हो सके।

दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में बंद दुग्ध समितियों को क्रियाशील करने, किसानों, पशुपालकों में दुग्ध व्यवसाय हेतु जागरूकता हेतु उत्पन्न करने एवं प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि किये जाने हेतु उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। दुग्ध उत्पादन की बढ़ोत्तरी के संबंध में निर्देश दिये कि पशुपालकों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाए, उन्नत नस्ल के पशु क्रय किये जाए तथा उनके लिए पौष्टिक एवं अच्छे चारे की व्यवस्था की जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि दुधारू पशुओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाए, तभी दुग्ध उत्पादन में बढ़ोत्तरी होगी और किसानों एवं पशुपालकों को लाभ होगा। दुग्ध विकास विभाग किसानों एवं पशुपालकों की आय बढ़ाने के साथ ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला विभाग है। इसलिए सबका उद्देश्य होना चाहिए कि दुग्ध उत्पादन बढ़ाये जाने के विविध पहलुओं एवं संभावनाओं पर गंभीरता से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि दूध प्रोसेसिंग की कमियों को दूर किया जाए। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में 18,108 कुल निबंधित समितियां हैं। जिसमें 7346 कार्यरत समितियां एवं 10,762 अकार्यरत समितियां हैं। बैठक में दुग्ध विकास विभाग के प्रमुख सचिव रवीन्द्र ने मंत्री को आश्वस्त किया कि उनसे प्राप्त दिशा–निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराया जायेगा। दुग्ध समितियों के भुगतान को प्राथमिकता दी जायेगी और प्रसंस्करण व्यय को कम किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उ0प्र0 में दुग्ध उत्पादकों के हित में सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं और इन योजनाओं का लाभ किसानों एवं पशुपालकों को उपलब्ध कराने हेतु हर संभव कार्य किये जाए।

# प्रदेश के मुख्य कर–करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2024–25 के जुलाई माह में कुल रू0 17304.60 करोड़ का राजस्व प्राप्त- सुरेश कुमार खन्ना

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर–करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2024–25 के जुलाई माह में कुल रू0 17304.60 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वित्तीय वर्ष 2023–24 के जुलाई माह में रू0 15418.34 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार गत् वर्ष के माह जुलाई की तुलना में इस वर्ष के माह जुलाई में रू0 1886.26 करोड़ राजस्व अधिक प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि माह जुलाई 2024 में जी0एस0टी0 एवं वैट के अन्तर्गत रू0 9448.83 करोड़ की प्राप्ति हुई है, जो माह जुलाई में राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य का 70.4 प्रतिशत है। जी0एस0टी0 एवं वैट के अन्तर्गत गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष माह जुलाई में रू0 663.29 करोड़ की अधिक प्राप्ति हुई है। उन्होंने बताया कि जी०एस०टी० के अन्तर्गत माह जुलाई, 2024 में कुल रू0 6804.46 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत् वर्ष जुलाई, 2023 के माह में प्राप्ति रू0 6107.25 करोड़ रही थी। वैट के अन्तर्गत माह जुलाई, 2024 में रू0 2644.37 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत् वर्ष माह जुलाई, 2023 में प्राप्ति रू0 2678.29 करोड़ रही थी।

वित्त मंत्री ने बताया कि आबकारी के अन्तर्गत माह जुलाई, 2024 में कुल रू0 3952.53 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जो माह जुलाई 2024 में निर्धारित लक्ष्य का 84.1 प्रतिशत है। जबकि इस मद में गत् वर्ष माह जुलाई, 2023 में प्राप्ति रू0 3423.98 करोड़ रही थी। इसी प्रकार आबकारी मद में जुलाई माह में गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष रू0 528.55 करोड़ अधिक की प्राप्ति हुई है। स्टाम्प तथा निबन्धन के अन्तर्गत माह जुलाई, 2024 की राजस्व प्राप्ति रू0 2762.50 करोड़ है जो माह जुलाई 2024 में निर्धारित लक्ष्य का 86.3 प्रतिशत है। जबकि गत् वर्ष माह जुलाई, 2023 में प्राप्ति रू0 2225.00 करोड़ रही थी। इसी प्रकार स्टाम्प तथा निबन्धन मद में जुलाई माह में गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष रू0 537.50 करोड़ अधिक की प्राप्ति हुई है। उन्होंने बताया कि परिवहन के अन्तर्गत माह जुलाई, 2024 की राजस्व प्राप्ति रू0 902.55 करोड़ है, जो माह जुलाई 2024 में निर्धारित लक्ष्य का 92.2 प्रतिशत है। जबकि गत् वर्ष इस मद में माह जुलाई, 2023 में प्राप्ति रू0 775.98 करोड़ रही थी। इस प्रकार परिवहन मद में जुलाई माह में गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष रू0 126.57 करोड़ अधिक की प्राप्ति हुई है। उन्होंने बताया कि करेत्तर राजस्व प्राप्ति की प्रमुख मद भू–तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत माह जुलाई, 2024 में प्राप्ति रू0 238.19 करोड़ है जो इस मद के अन्तर्गत राजस्व प्राप्ति की निर्धारित लक्ष्य का 78.7 प्रतिशत है। जबकि गत् वर्ष माह जुलाई, 2023 में इस मद के अन्तर्गत प्राप्ति रू0 207.84 करोड़ रही थी।

# गो संरक्षण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती जाए

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज बख्शी का तालाब में ढिलवासी एवं भगौतीपुर स्थित अस्थायी गौवंश संरक्षण केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। पशुधन मंत्री ने गौशाला का गहन निरीक्षण करते हुए वहां गोवंश हेतु चारा, भूसा, चिकित्सा, औषधियॉ, प्रकाश एवं सुरक्षा आदि व्यवस्थायें देखी। गौशाला में टीन शेड की व्यवस्था और दुरूस्त किये जाने तथा खड़न्जा लगाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने गौसंरक्षण केन्द्र की गोवंश के स्वास्थ्य पर और ध्यान दिये जाने तथा हरे चारे की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

पशुधन मंत्री ने गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने पर बल देते हुए निर्देशित किया कि गौशाला के स्वावलम्बन हेतु गौ जनित पदार्थों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने गोशाला में गोबर के कंडें बनवाकर बिक्री किये जाने तथा कम्पोस्ट खाद बनाये जाने का भी सुझाव दिया। मंत्री जी ने गौशाला की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि गौशाला में गायों के लिए निरन्तर हरा चारा, भूसा एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और गोवंश के संरक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। पशुधन मंत्री ने गोआश्रय स्थल पर गोवंश को केला, चना एवं गुण खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर पशुधन मंत्री ने प्रेस प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु उल्लेखनीय कार्य किये जा रहे हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य गौ आश्रय स्थलों के माध्यम से गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ ही गौजनित पदार्थों के माध्यम से गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाना और स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के अवसर उत्पन्न करना है। राज्य सरकार द्वारा कृषकों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि पशुपालक व किसान गोवंश के दूध देना बंद करने के बाद उन्हें निराश्रित न छोड़ें। निरीक्षण के समय निदेशक पशुधन एवं विकास डा0 पी0एन0 सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, लखनऊ डा0 सुरेश कुमार, उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा0 सुनील राय तथा खण्ड विकास अधिकारी पूजा पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

# सोलर पम्प के लिए अनुसूचित जनजाति, वनटांगिया एवं मुसहर जाति के कृषकों को मिल रहा शतप्रतिशत अनुदान

## अन्य श्रेणी के कृषको को 90 प्रतिशत अनुदान मिल रहा योजना का लाभ ``पहले आओं, पहले पाओ`` के आधार पर मिल रहा

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति–2022 में प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) घटक सी–1 योजनान्तर्गत प्रदेश में विभिन्न क्षमता के स्थापित निजी ऑनग्रिड पम्प सोलराइजेशन हेतु केन्द्र सरकार द्वारा अनुमन्य 30 प्रतिशत अनुदान के अतिरिक्त अनुसूचित जनजाति, वनटांगिया एवं मुसहर जाति के कृषकों हेतु राज्य अनुदान 70 प्रतिशत अनुमन्य किया गया है। अर्थात शतप्रतिशत अनुदान मिल रहा है। अन्य श्रेणी के कृषको हेतु केन्द्रीय अनुदान 30 प्रतिशत के अतिरिक्त 60 प्रतिशत राज्य अनुदान अनुमन्य है एवं 10 प्रतिशत अंशदान कृषकों को देना होगा। निदेशक यूपीनेडा अनुपम शुक्ला ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत यूपीनेडा द्वारा विकसित पोर्टल ीजजचःध्ध्नचदमकांनेनउबस.पद पर पूर्व में किये गये आवदेनध्इच्छुक कृषकों द्वारा नवीन आर्नलाइन आवेदन कर पोर्टल के माध्यम से 10 प्रतिशत कृषक अंशदान दिनांक 15 अगस्त, 2024 तक जमा करते हुए योजना का लाभ ''पहले आओं, पहले पाओ'' के आधार पर उठा सकते है। निदेशक यूपीनेडा ने बताया कि पीएम कुसुम घटक सी–1 योजनान्तर्गत वर्ष 2024–25 में प्रदेश हेतु विभिन्न क्षमता (3 एचवी, 05 एचपी एवं 7.5 एचपी) के 4000 अदद निजी मीटर्ड ऑनग्रिड पम्प के सोलराइजेशन का लक्ष्य प्रस्तावित है। निजी मीटर्ड ऑनग्रिड पम्प के सोलरइजेशन हेतु संयंत्र की वर्तमान अनुमोदित दरें, अनुदान एवं कृषक अंशदान इस प्रकार है। सौर ऊर्जा नीति के तहत कृषकों को 03 एचपी का पंप लगाने के लिए 4.5 किलोवाट क्षमता के सोलर पावर प्लांट हेतु कुल 2,65,439 रुपए की लागत में से केंद्र के 30 प्रतिशत अनुदान में 79,632 रुपए, राज्य के 60 प्रतिशत अनुदान में 1,59,263 रुपए, अर्थात् कुल 90 प्रतिशत में 2,38,895 रुपए का अनुदान मिल रहा और 10 प्रतिशत कृषक अंशदान में 26,544 रुपए देना होगा। इसी प्रकार 05 एचपी का पंप लगाने के लिए 7.5 किलोवाट क्षमता के सोलर पावर प्लांट हेतु कुल 4,26,750 रुपए की लागत में से केंद्र के 30 प्रतिशत अनुदान में 1,28,025 रुपए, राज्य के 60 प्रतिशत अनुदान में 2,56,050 रुपए, अर्थात् कुल 90 प्रतिशत में 3,84,075 रुपए का अनुदान मिल रहा और 10 प्रतिशत कृषक अंशदान में 42,675 रुपए देना होगा। इसी प्रकार 7.5 एचपी का पंप लगाने के लिए 11.2 किलोवॉट क्षमता के सोलर पावर प्लांट हेतु कुल 6,23,909 रुपए की लागत में से केंद्र के 30 प्रतिशत अनुदान में 1,87,173 रुपए, राज्य के 60 प्रतिशत अनुदान में 3,74,345 रुपए, अर्थात् कुल 90 प्रतिशत में 5,61,518 रुपए का अनुदान मिल रहा और 10 प्रतिशत कृषक अंशदान में 62,391 रुपए देना होगा।

# भगवान श्रीकृष्ण का 5251 वां जन्मोत्सव समारोह के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए–जयवीर सिंह

## जन्मोत्सव कार्यक्रम को दिव्य एवं अलौकिक स्वरूप प्रदान करने के निर्देश

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मथुरा जिला प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि भगवान श्रीकृष्ण का 5251वां जन्मोत्सव समारोह पूरी आस्था एवं अलौकिक ढंघ्ग से मनाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी के दिन देश दुनिया से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्त जन्मोत्सव को देखने के लिए आते हैं। इसलिए कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य, सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, आवागमन मार्ग, विद्युत, साफ–सफाई, पेयजल, लाइटिंग एवं शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पुलिस फोर्स के साथ ही आवागमन एवं निकासी के लिए सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

पर्यटन मंत्री सोमवार को उ0प्र0 ब्रजतीर्थ विकास परिषद मथुरा के सभागार में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जन्मोत्सव का आयोजन दिव्य, भव्य एवं अलौकिक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा श्रीमदभागवत में जो कालजयी संदेश दिये गये हैं, वह सम्पूर्ण मानवता के लिए कल्याणकारी तथा कर्तव्यपथ पर निरन्तर आगे बढ़ने का है। उनके संदेशों में मानव कल्याण के तथ्य निहित हैं। उन्होंने कहा कि जन्मोत्सव का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संतो का सुझाव है कि रक्षाबंधन से लेकर नन्दोत्सव तक 09 दिवसीय पर्व मनाया जाए। इसके साथ ही सभी घरों, मंदिरों एवं आश्रमों में आयोजन किया जाए ।जनप्रतिनिधियों एवं संतगणों ने यह भी सुझाव दिये कि ब्रज क्षेत्र में जो भी प्रेक्षागृह हैं वहां पर रासलीलाओं का मंचन किया जाए। श्रीकृष्ण जन्म स्थान के लीला मंच पर श्रीकृष्ण जी की कथाओं का वाचन कराया जाए। इससे सम्पूर्ण विश्व में व भारत वर्ष में भगवान श्रीकृष्ण के संदेशों को स्थापित किया जा सके। कुछ संतों ने द्वारिका और कुरूक्षेत्र को भी इस जन्मोत्सव से जोड़े जाने का सुझाव दिया। इस बैठक में श्रीवत्स गोस्वामी जी महराज, एमएलसी ओमप्रकाश सिंह व जोगेश नोहवार, महापौर विनोद अग्रवाल, विधायक पूरन प्रकाश व मेघश्याम सिंह ने भी जन्माष्टमी की व्यवस्थाओं के लिए अपने सुझाव दिये। उ0प्र0 ब्रजतीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र ने कहा कि जन्मोत्सव के आयोजन के लिए जिला प्रशासन के साथ कई बैठके हो चुकी हैं।

# अमेजन डाट इन ने की ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल की घोषणा

लखनऊ (आरएनएस)। अमेजन डाट इन के बहु–प्रतीक्षित ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल आज छह अगस्त से आजादी का जश्न मनाने के लिए शुरू हो गया। 11 अगस्त तक चलने वाले इस फेस्टिवल में उपभोक्ता कलाकारों एवं बुनकरों, महिला उद्यमियों, स्टार्ट–अप्स, ब्राण्ड्स एवं स्थानीय स्टोर्स सहित विभिन्न विक्रेताओं की ओर विभिन्न कैटेगरीज जैसे स्मार्टफोन, कन्ज्यूमर इलेक्ट्रोनिक्स, ग्रॉसरी, फैशन, ब्यूटी असेन्शियल्स, होम एण्ड किचन, बड़े अप्लायन्सेज, टेलीविजन आदि में लाखों प्रोडक्ट्स पर आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। उपभोक्ता जाने–माने ब्राण्ड्स जैसे पोको, सैमसंग, वनप्लस, बोट, सोनी, एलजी, फायर टीवी स्टिक, प्लेस्टेशन, हैवल्स, विप्रो, लिवाइस, लैक्मे, कैडबरी, कोलगेट, आदि पर बेहतरीन ऑफर्स का फायदा पा सकते हैं। इसके अलावा एसबीआई क्रेडिट कार्ड एवं ईएमआई लेनदेन के साथ तुरंत 10 फीसदी अतिरिक्त छूट का लाभ भी उठा सकते हैं। एमजॉन पे उपभोक्ताओं को कई फायदे देता है जैसे एमजॉन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से खरीददारी पर 5 फीसदी कैशबैक, एमजॉन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड पर नो कोस्ट ईएमआई के विकल्प। ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल के दौरान उपभोक्ता अमेजन लाइव के साथ जुड़ सकते हैं।

## सी.एम.एस. के 11 छात्रों को भारत सरकार द्वारा 44 लाख रूपये की स्कॉलरशिप

लखनऊ, 6 अगस्त। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के 11 मेधावी छात्रों को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 44 लाख रूपये की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को चार लाख रूपये मिलेंगे। स्कॉलरशिप अर्जित करने वाले मेधावी छात्रों में आस्था माथुर, अन्वेषा सिंह, अनिकेश अग्रवाल, प्रांजल कुमार गुप्ता, अंश पाठक, पुष्कर अवस्थी, शुभम कृष्णा, देवांश शर्मा, मधुरम वत्सल,



आस्तिक श्रीवास्तव एवं किंजल सिंह शामिल हैं। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. के इन मेधावी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। सी.एम.एस. छात्रों को यह स्कॉलरशिप विज्ञान विषय में उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. के मेधावी छात्रों ने इस सफलता का श्रेय अपने माता–पिता एवं शिक्षकों के अलावा विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। इस स्कॉलरशिप के अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को पाँच वर्षों तक प्रतिवर्ष 80,000ध– रूपये अर्थात कुल चार लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। इस प्रकार, सभी 11 छात्रों को कुल 44 लाख रूपये की स्कॉलरशिप प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस के इन मेधावी छात्रों ने इस वर्ष की आई.एस.सी. (कक्षा–12) परीक्षा–2024 में अपने मेधात्व का अभूतपूर्व परचम लहराते हुए पूरे देश में 'टॉप वन परसेन्ट' मेरिट सूची में स्थान अर्जित किया है। इसी अभूतपूर्व प्रदर्शन हेतु विज्ञान की उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु इस प्रतिष्ठित स्कॉलरशिप हेतु चयनित किया गया है।

## ताइक्वाण्डो में सी.एम.एस. छात्रों ने 3 गोल्ड समेत 8 पदक जीते

लखनऊ, 6 अगस्त। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के छात्र–छात्राओं ने सी.आई.एस.सी.ई. जोनल ताइक्वाण्डो टूर्नामेन्ट में 3 गोल्ड मेडल, 4 सिल्वर मेडल एवं 1 ब्रांज मेडल समेत कुल 8 पदक जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का अभूतपूर्व परचम लहराया है। टूर्नामेन्ट का आयोजन काउन्सिल फॉर इण्डियन स्कूल सार्टिफिकेट एक्जामिनेशन (सी.आई.एस.सी.ई.) के तत्वाधान में किया गया। इस टूर्नामेन्ट में आर्ना कुमारी, रुद्र प्रताप सिंह एवं सम्राट सिंह ने गोल्ड मेडल अर्जित कर अपनी खेल प्रतिभा का




परचम लहराया है तो वहीं दूसरी ओर देवांग आनंद, आलिया हारून, अर्णव श्रीवास्तव एवं आर्ना सिंह ने सिल्वर मेडल जीता है। इसके अलावा, अहाना सिंह ने कांस्य पदक अपने नाम किया है। इस ताइक्वाण्डो टूर्नामेन्ट में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों की छात्र टीमों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के प्रतिभाशाली छात्र–छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा, चुस्ती–फूर्ती, कौशल तथा दमखम के बलबूते 8 पदक अर्जित कर राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के संकेत दिये है। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय के इन सभी होनहार छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जन्माष्टमी पर्व की तैयारियों में जुटा नगर निगम

(मथुरा)(ए.के.शर्मा) श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर नगर निगम मथुरा वृन्दावन द्वारा की जाने वाली समस्त व्यवस्था के दृष्टिगत नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा सभी अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष के साथ नगर निगम कार्यालय में बैठक की गयी। बैठक में नगर आयुक्त द्वारा नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत समस्त व्यवस्थाओं सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था एवं सडक मरम्मत आदि व्यवस्थाओं के लिए संबंधित जोनल अधिकारियों को नोडल नामित किया गया। बैठक में नगर आयुक्त द्वारा समस्त अधिकारियों के साथ सफाई तथा कूड़ा कलेक्शन के लिए नामित संस्था को निर्देशित किया गया की श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए। श्री कृष्ण जन्मस्थान के साथ साथ अन्य



प्रमुख मंदिरों, मार्गों पर सफाई कर्मी की तैनाती शिफ्टवाईज करते हुए निरंतर सफाई कराई जाए। सफाई उपरांत एकत्रित होने वाले कूड़े को तत्काल उठवाते हुए निर्धारित स्थान पर पहुंचाया जाए। सफाई कर्मियों का रोस्टर तैयार कर लिया जाए, रोस्टर अनुसार की निश्चित स्थल पर सफाई कर्मी की सफाई हेतु तैनाती कर दी जाए।

निर्माण विभाग के सभी अभियंताओं को निर्देशित किया गया समस्त मार्गों का सर्वे करा जाए, सर्वे उपरांत समस्त मार्गों की पैच मरम्मत कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव से पूर्व अनिवार्य रूप से करा दी जाए। आवश्यकतानुसार वॉल पेंटिंग कराई जाए।

महाप्रबंधक जल, प्रभारी प्रकाश को निर्देशित किया गया कि हाईमास्ट लाइट, सेमी हाईमास्ट लाइट, मिनी हाइमास्ट लाइट की मरम्मत करा ली जाये। पर्व के दौरान कोई भी लाइट बन्द न पायी जाये। स्ट्रीट लाइटों को भी ठीक करा लिया जाये। पूर्व में लगायी गयी तिरंगा लाइटों को ठीक एवं व्यवस्थित कराया जाये। इस हेतु रात्रि को दौरान समस्त मार्गों का निरीक्षण कर लिया जाए। मार्ग पर कभी भी अंधकार की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। आवारों गौवंश को पकड़ने का अभियान चलाए जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा सभी प्रमुख चौराहों एवम तिराहे की सजावट किए जाने के निर्देश दिए गए।

### बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद

बैठक में अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी, महाप्रबंधक जल मोहम्मद अनवर ख्वाजा, अधिशासी अभियंता सिविल मोद नारायण झा, अधिशासी अभियंता सिविल मो. रिजवान अहमद, सहायक अभियंता शशांक सिंह, अवर अभियंता मुनि देव, अवर अभियंता अरूण कुमार, अवर अभियंता उमेश सिंह, अवर अभियंता संदीप जोनल सेनेटरी ऑफिसर जितेन्द्र सिंह, जोनल सेनेटरी ऑफिसर श्री महेश चंद्र,समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक ,गिराज इंचार्ज श्री राजेश यादव एवं नामित संस्था किंग सिक्योरिटी सर्विस तथा नेचर ग्रीन टूल्स एंड मशीन संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# रात में निरीक्षण को निकले नगर आयुक्त

(मथुरा) श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व नजदीक है। कृष्ण भक्ता समूचे विश्व में धूमधाम से भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाते हैं। कान्हा की नगरी मथुरा वृंदावन में इस उत्सव के अनूठे अंदाज लोगों को अचंभित करते रहे हैं। लाखों की संख्या में विश्वभर से श्रद्धालु ब्रज में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाने के लिए जुटते हैं। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव से पहले नगर निगम व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुट गया



है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा रात्रि लगभग साढे आठ बजे वृंदावन परिक्रमा मार्ग रमन रेती पुलिस चौकी से लेकर बांके बिहारी मंदिर तक मार्ग का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुज कौशिक सहायक नगर आयुक्त, राजेश रावत प्रकाश लिपिक एवं किंग सिक्योरिटी गार्ड सर्विस के प्रतिनिधि उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा प्रकाश व्यवस्था तथा सफाई व्यवस्था देखी गई। संबंधित को आगामी श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर सफाई व्यवस्था एवं प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए।

## कांग्रेसियों के साथ डीएम से मिले रामचेत मोची

सुलतानपुर (आरएनएस)। जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना से मंगलवार को गुप्तारगंज विधायक नगर चौराहे पर मोची की दुकान करने वाले रामचेत मोची कांग्रेस नेताओं के साथ मिले। रामचेत ने जिलाधिकारी को समस्याओं से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने बुधवार को रामचेत को कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई के दौरान आने के लिए कहा है। राम चेत ने बताया कि जिलाधिकारी ने कहा है कि उनकी जो भी समस्याएं हैं बुधवार को अधिकारियों की उपस्थिति में निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। आपको बताते चलें कि राहुल गांधी सुल्तानपुर आगमन के दौरान गुप्तारगंज के विधायक नगर चौराहे पर मोची की दुकान करने वाले रामचेत से मिले थे। उनके व्यवसाय से संबंधित अन्य जानकारियां उन्होंने हासिल की थी। इसके बाद उन्होंने करीब 2 लाख के ऊपर की लागत से जूता सिलाई की मशीन रामचेत को उपलब्ध कराई गई थी। मंगलवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी वह अन्य कांग्रेसी नेताओं के साथ रामचेत जिलाधिकारी से मिले।

## स्वास्थ्य महकमे के रहमोकरम पर चल रहे है अवैध मेडिकल स्टोर

सुलतानपुर। जनपद की तहसील बल्दीराय क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की उदाशीनता के चलते झोला छाप डाक्टर अवैध मेडिकल स्टोर विना विभाग में पंजीयन अल्ट्रासाउंड एक्स–रे सहित अन्य कई पैथोलॉजी का संचालन बेखौफ किया जा रहा है किन्तु महकमा सब कुछ देखते हुए भी अंजान बना हुआ है। क्षेत्र में ड्रग इंस्पेक्टर का दौरा न के बराबर है अगर कभी दौरा किए भी तो मामले में सेंटिंग होते देर नहीं लगती यहां सरकार का सख्त आदेश भी बेअसर साबित हो रहा है। बता दे कि तहसील क्षेत्र के धनपतगंज हरौरा देहली विन्देश्वरीगंज बल्दीराय बघौना भवानीगढ़ हलियापुर बल्लीपुर रसूलपुर तिरहुत पारा सहित कई प्रमुख बाजारो में अवैध तरीके से मेडिकल स्टोर, झोलाछाप डाक्टर द्वारा बिना पंजीयन अल्ट्रासाउंड एक्स–रे पैथोलॉजी का सचालन धडल्ले से किया जा रहा है

## संचालको द्वारा कही स्वंय तो कही किराये के लाईसेंस पर चलाया जा रहा प्रतिष्ठान

तहसील क्षेत्र में अनगिनत चल रहे मेडिकल स्टोर तथा पैथालॉजी की अगर विभाग के जांच अधिकारी द्वारा जांच की जाय तो शायद ऐसे प्रतिष्ठानो का लाईसेंस अधिकांश किराए का ही मिलेगा लेकिन दूसरे के लाईसेंस पर खुद का पैथालॉजी व मेडिकल स्टोर विभाग के रहमोकरम पर धडल्ले से चल रहे है। पैथालॉजी पर तो महंगाई का बहाना बना कर मरीजों से खूब लूट खसोट की जा रही है परन्तु महकमे के अधिकारी सिर्फ कागजी औपचारिकताए पूरी करते हुए मामला सेंटिग कर लिया जाता है। सरकारी अस्पाताल में एक्सरे मशीन होते हुए भी मरीजो को नही मिल पाता लाभ क्षेत्र के तहसील मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बल्दीराय में एक्सरे मशीन होते हुए भी मरीज प्राईवेट पैथालाजी पर अल्ट्रासाउन्ड एक्सरे करवाने के लिए मजबूर है। जिम्मेदार बताते है कि एक्सरे टेक्शियन की नियुक्ति इस केन्द्र पर अभी तक नही की गई है। फिलहाल जिले के आला अधिकारियो की उपेक्षा का दंश मरीजो को झेलना पड़ रहा है। बार–बार मांग के बावजूद भी एक्सरे कर्मचारी की नियुक्ति नही की जा रही है एक तरफ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एक फोन पर डाक्टर उपलब्ध होने का दावा कर रहे है वही अस्पाताल में एक अदद कर्मचारी न होने के कारण मरीजो को परेशानी उठानी पड़ रही है। क्षेत्र में झोला छाप डाक्टरो की क्लीनिके मरीजो को आकर्शित करने के लिए दुल्हन की सजी रहती है अपने को डिग्री होल्डर बताकर ये झोलाछाप डाक्टर मरीजो को बडी से बड़ी मर्ज का इलाज करने का दावा करते है। देखा जाय तो ऐसे डक्टरो की क्लीनिक ज्यादातर फर्जी ही है अधिकांश क्लीनिक स्वास्थ्य विभाग में पंजीकृत ही नही है फिर भी स्वास्थ्य विभाग ऐसे डाक्टरो पर कार्यवाही करने से कतराते रहते है। देखना यह है कि अब जिले का स्वास्थ्य विभाग क्या कार्यवाही करता है।

## ढाबा संचालक और उसके सहयोगी पर चोरी का डीजल बेचने का मुकदमा दर्ज

सोहावल–अयोध्या(आरएनएस)। रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी सत्ती चौरा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 27 के किनारे एक ढाबा संचालक व उसके सहयोगी सहित दो लोगों के खिलाफ चोरी का डीजल बेचने का मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस के अनुसार ग्राम हाजीपुर के पास स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे गुरु नानक ढाबा संचालक द्वारा अवैध रूप से चोरी – छिपे पेट्रोल पंप से कम दामों में चोरी का डीजल बेचने की शिकायतें मिलती रही है । गत माह मुखबिर से सूचना मिली कि गुरूनानक ढाबा के सामने एक बोलेरो जीप खड़ी है। जिसमें चोरी का डीजल रखा है। उसी बोलेरो के पास एक कैंटर वाहन खड़ा है। जिसमें ढाबा संचालक जनार्दन सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह निवासी महोली व ढाबे पर काम करने वाला एक लड़का विकास शर्मा पुत्र दीप नारायण शर्मा निवासी रामनगर दोनों मिलकर पिपिया में रखे डीजल को कैंटर की टंकी में कीप व पाइप लगाकर डीजल की टंकी में डीजल डाल रहे है। ढाबा संचालक उस कैंटर वाहन चालक को डीजल की बिक्री कर रहा है। यदि जल्दी किया जाए तो पकड़ा जा सकता है। सूचना पर विश्वास कर चौकी प्रभारी एसएन सिंह ने अपने हमारी सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे तो बात सही निकली। कैंटर में ढाबा संचालक व उसके सहयोगी तेल डालते हुए पकड़े गए। इस छापेमारी के दौरान पकड़े गए कैंटर चालक ने अपना नाम बृजेश कुमार यादव पुत्र कमलेश यादव निवासी मछरिहा,थाना तालिक ग्राम जिला कन्नौज बताया। पुलिस द्वारा उक्त तीनों से पूंछतांछ में इस बात की पुष्टि हुई कि चोरी के डीजल की बिक्री और खरीद मौके पर की जा रही थी। आरोप है कि ढाबा संचालक ने भी यह बात कबूल किया कि पेट्रोल पंप से दस रुपए प्रति लीटर कम रेट पर हाइवे से आने–जाने वाले इच्छुक ट्रक चालकों को बेंचता हूं। इसके बाद पकड़े गए चार पिपिया में सौ लीटर द्रव की पूर्ति निरीक्षक सोहावल शशांक सिंह की जांच – पड़ताल में सूंघ कर डीजल होने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने ढाबा संचालक व उसके सहयोगी सहित दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पूंछे जाने पर थाना प्रभारी रौनाही पंकज सिंह ने बताया कि ढाबा संचालक जनार्दन सिंह द्वारा चोरी का डीजल बेचने के आरोप में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## धौंस जमाकर एसी कोच में यात्रा करने वाला फर्जी टीटी गिरफ्तार

गोशाईगंज–अयोध्या(आरएनएस)। सोमवार की साम पटना से इंदौर जा रही गाडी संख्या 19322 मे एक युवक अपने को टीटी बताकर जौनपुर से लखनऊ के लिए थर्ड एसी में रनिंग स्टाफ टीटीई से सीट की डिमांड करने लगा। वाराणसी के ऑन ड्यूटी टीटीई संजय कुमार भारती को जब कुछ सक हुआ तो उसने उस फर्जी टीटीई का आई कार्ड मांग लिया। जांच में जब उस फर्जी टीटीई का आई कार्ड फर्जी निकला तो श्री भारती ने मामले से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। अकबरपुर रेलवे स्टेशन पर जब ट्रेन पहुंची तो सुरक्षा नियंत्रण कच्छ लखनऊ की सूचना पर पहले से मौजूद आर.पी.एफ.को ऑन ड्यूटी टी.टी.ई. संजय कुमार भारती, वाराणसी ने एक मेमो देते हुए फर्जी टी.टी.ई. को उनके हवाले कर दिया गया।

# पत्रकारिता जगत के आधार स्तंभ रहे शीतला सिंह–राज खन्ना

## जन्म जयंती पर दर्जनों पत्रकारों ने पुरोधा को दी श्रद्धांजलि

सुल्तानपुर (आरएनएस)। पत्रकारिता की सुचिता का जीवंत उदाहरण बनकर वर्षों समाज की सेवा का एकमात्र उदाहरण बने स्वर्गीय शीतला प्रसाद सिंह के शुरुआती दिन संघर्ष भरे रहे। सहकारिता के जरिए पत्रकारिता की शुरुआत की, जनमोर्चा अखबार के आजीवन संपादक रहे। पत्रकारों के हितों में सदैव खड़े रहने वाले शीतला प्रसाद सिंह वर्तमान पत्रकारिता के लिए बड़ी सीख व उदाहरण है वे जीवन पर्यन्त सच्ची पत्रकारिता के पक्षधर रहे और जब जीवन समाप्त हुआ तो शरीर भी मेडिकल कॉलेज को दान कर पत्रकारिता में अमर हो गए उक्त विचार वरिष्ठ पत्रकार राज खन्ना ने जन्मोर्चा के संपादक स्वर्गीय शीतला प्रसाद सिंह की जन्म जयंती पर आयोजित प्रेस क्लब के एक कार्यक्रम के दौरान कही। बताते चले पत्रकारिता जगत के पुरोधा दैनिक जन्मोर्चा के संपादक शीतला प्रसाद सिंह की जन्म जयंती सुल्तानपुर पत्रकार परिवार के बैनर तले वरिष्ठ पत्रकार राज खन्ना की अध्यक्षता में प्रेस क्लब में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मौजूद दर्जनों पत्रकारों ने स्वर्गीय सिंह का स्मरण करते हुए अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार अरुण जायसवाल ने किया यहां वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र श्रीवास्तव ने कहा सिंह साहब से मेरा संबंध शिक्षा काल से रहा मेरी इच्छा थी कि मैं जनमोर्चा के लिए काम करूं और मुझे अवसर भी मिला इस दौरान मैंने राहुल गांधी की यात्राओं को लेकर एक लेख लिखा था जो जन्मोर्चा के फ्रंट पेज पर छपी इसके बाद सरकार की तरफ से बहुत दबाव आया पर उस खबर को लेकर स्वर्गीय शीतला सिंह ने मजबूती से स्टैंड किया। खबर पर उनकी पारखी नजर का कोई जोड नहीं है उन्होंने सच्ची व निष्ठा वाली पत्रकारिता को नया आयाम दिया। पत्रकार दर्शन साहू ने कहा स्वर्गीय शीतला सिंह पत्रकारिता जगत के पुरोधा के रूप में याद किए जाएंगे वह सशक्त पत्रकारिता के वाहक रहे और पत्रकारों के पक्ष में हमेशा खड़े रहे वह पत्रकारों के हितों की लड़ाई के लिए जाने थे जाते थे। सुल्तानपुर जिले से उनका बहुत लगाव था यहां की पत्रकारिता व पत्रकारों पर वह अपनी निगाह रखते थे लोगों के सुख–दुख में भी शामिल होते थे वरिष्ठ पत्रकार प्रोफेसर डॉक्टर अरविंद चतुर्वेदी ने कहा स्वर्गीय शीतल सिंह सच्ची पत्रकारिता के सजग प्रहरी रहे संकट की स्थिति में भी उन्होंने सटीक व साफ सुथरी पत्रकारिता की उन्होंने कभी भी पक्षकार बनने की कोशिश नहीं की यही नहीं वह अपने अखबारों के जरिये हमेशा जनता की आवाज बनते रहे भले ही प्रशासन और शासन उनके खिलाफ गया पर उन्होंने अपनी कलम की धार को कमजोर नहीं होने दिया। पत्रकार के के तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये आए हुए सभी पत्रकारों का जनमोर्चा लखनऊ व फैजाबाद के जिला संवाददाता श्रीप्रकाश पांडेय व अवधेश गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। श्रद्धांजलि देने वालों में विक्रम बृजेंद्र सिंह संतोष यादव, अनुराग द्विवेदी, राजदेव शुक्ला, इंतियाज रिजवी, अंकित राय, विजय पांडे, सर्वेश सिंह, आशुतोष मिश्रा, ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह रवि, विजय विद्रोही, अब्दुल सत्तार, सतीश पांडे, विनय कुमार सिंह, नितिन श्रीवास्तव, धर्मेंद्र सोनी, दिनकर श्रीवास्तव, अंजनी तिवारी, संतोष पांडेय, सूर्य प्रकाश तिवारी आदि रहे।

# महिला सहायता परामर्श केंद्र से एक जोड़ा और हुआ साथ.

सुल्तानपुर (आरएनएस)। पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के निर्देशन में महिला परिवार परामर्श केंद्र की प्रभारी सीमा सरोज महिला मुख्य आरक्षी रोशन जहां महिला आरक्षी रेनू यादव महिला आरक्षी सीमा




शर्मा महिला आरक्षी रूपा देवी वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पाण्डेय सदस्य के अथक प्रयासों से विवादित चल रहे मामले को सुलझा कर गीता पत्नी मिथलेश निषाद निवासी देवाढ़ थाना चांदा जनपद सुलतानपुर को समझा–बुझाकर उनके पति के साथ विदाई कराई गई। यह मामला काफी समय से विवादित चल रहा था किंतु आज सारे मतभेदो को भूलाकर मिथिलेश निषाद अपनी पत्नी गीता को अपने घर ले गये जिसकी भूरि भूरि सराहना की जाती है। वहीं दूसरी तरफ देखा जाय तो इससे समाज को एक नई दिशा के साथ साथ नई सोंच भी लोगों में जागृत हो रही है। लगभग सैकड़ों परिवार जो मन मुटाव के चलते अलग अलग रह रहे थे वे आज परिवार परामर्श महिला सहायता केन्द्र के सदस्यों के अथक प्रयास से एक दूसरे के साथ जीवन यापन कर हसी खधुशी जीवन बसर कर रहे हैं

पुलिस विभाग का यह बहुत ही सराहनीय कदम है।

# बीमा पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाकर सरकार ने दिखाई संवेदनहीनता – राजेन्द्र प्रताप

अयोध्या(आरएनएस)। कांग्रेस के पीसीसी सदस्य पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने जीवन बीमा व स्वास्थ्य बीमा पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाए जाने के विरोध में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री द्वारा केंद्रीय वित्त मंत्री को पत्र लिखकर इसे खत्म किए जाने को जनहित में बताते हुए कहां जीवन बीमा स्वास्थ्य बीमा बीमा पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाकर भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार ने आम आदमी के जीवन के प्रति संवेदन हीनता दिखाइ उन्होंने कहा अपने जीवन की रक्षा अपने परिवार की सुरक्षा और अपने स्वास्थ्य की रक्षा हेतु आम आदमी किस तरह पेट काटकर किस्त जमा करता है कि भविष्य में उनके और उनके परिवार के लिएबीमा की राशि काम आवे जीएसटी लग जाने से बीमा की राशि काफी बढ़ जाती है जिससे उन्हें जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा का किस्त जमा करने में कठिनाई होती है जनहित में जीएसटी को खत्म करना चाहिए इसी के साथ श्री सिंह नेश्री गडकरी को को पत्र भेजकर अनुरोधा किया कि वह अपने सहयोगी मंत्री को आटा चावल दही सहित अति आवश्यक खाद्य वस्तुओं से भी जीएसटी हटाने की मांग करें हो सकता है सहयोगी की बात मानकर वित्त मंत्री आम जनता को राहत दे

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि माला सिन्हा पत्नी स्वर्गीय अवधेश कुमार सिन्हा निवासी 12/307 सेक्टर 12 खलील मार्केट इंदिरा नगर लखनऊ , उत्तर प्रदेश :226016 है । माला सिन्हा का पूर्व नाम परमिता कुमारी सिन्हा भी है जो शैक्षिक अभिलेखो में दर्ज है। मैं शपथ पूर्वक घोषणा करती हूं कि माला सिन्हा और परमिता कुमारी सिन्हा दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है ,आगे भविष्य मे दोनों नामों को एक ही व्यक्ति का समझा जाय ।

# राम पोथिनेनी और संजय दत्त की एक्शन–थ्रिलर फिल्म डबल आईस्मार्ट का धांसू ट्रेलर रिलीज



एक सिनेमाई तूफान के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि राम पोथिनेनी और पुरी जगन्नाथ की धमाकेदार जोड़ी डबल इस्मार्ट के साथ वापस आ गई है, जो एक धमाकेदार सिनेमाई अनुभव का वादा करने वाली एक हाई–ऑक्टेन एक्शन से भरपूर फिल्म है।विजाग की जीवंत पृष्ठभूमि के बीच लॉन्च किया गया ट्रेलर एक रोमांचकारी यात्रा के लिए मंच तैयार करता है। राम ने एक भव्य प्रवेश किया, खुद को डबल इस्मार्ट के रूप में पेश किया, जो एक एक्शन से भरपूर रोमांच की शुरुआत करता है। ट्रेलर में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता संजय दत्त के साथ एक आकर्षक कहानी का खुलासा किया गया है, जो किसी भी कीमत पर राम को हराने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।फिल्म की मुख्य महिला काव्या थापर ने एक ग्लैमरस एंट्री की, जो अन्यथा एक्शन से भरपूर कहानी में रोमांस का एक स्पर्श जोड़ती है। ट्रेलर में हाई–ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस, इमोशनल अंडरटोन और भावुकता का एक सहज मिश्रण दिखाया गया है, जो एक बेहतरीन सिनेमाई अनुभव का वादा करता है। हालांकि ट्रेलर में जाने–पहचाने ट्रॉप्स हैं, लेकिन राम की करिश्माई उपस्थिति, संजय दत्त का खतरनाक चित्रण और काव्या थापर की सिजलिंग स्क्रीन प्रेजेंस दर्शकों को लुभाने के लिए निश्चित हैं।डबल आईस्मार्ट में बानी जे, अली, गेटअप श्रीनु, सयाजी शिंदे, मकरंद देशपांडे और टेम्पर वामसी जैसे प्रभावशाली कलाकार हैं, जो कहानी में गहराई और रहस्य जोड़ते हैं। चार्मी और पुरी जगन्नाथ द्वारा पुरी कनेक्ट्स बैनर के तहत निर्मित यह फिल्म 15 अगस्त, 2024 को कई भाषाओं में देश भर में रिलीज होने वाली है। प्रसिद्ध मणिशर्मा द्वारा रचित गतिशील और मनोरम साउंडट्रैक एक और महत्वपूर्ण घटक है जो वास्तव में इमर्सिव सिनेमाई अनुभव का वादा करता है। डबल आईस्मार्ट निस्संदेह एक ऐसी फिल्म है जिसे देखने लायक है, इसकी आशाजनक कहानी, हाई–ऑक्टेन एक्शन और स्टार–स्टडेड कास्ट है। 15 अगस्त, 2024 की उल्टी गिनती आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है।

# चियान विक्रम स्टारर तंगलान का टाइटल ट्रैक थंगालान वार हुआ रिलीज, 15 अगस्त को रिलीज होगी फिल्म ?

साउथ एक्टर चियान विक्रम ने एक से बढ़कर एक फिल्मों में काम किया है. उनकी पॉपुलैरिटी इंडस्ट्री में काफी ज्यादा है. सुपरस्टार चियान विक्रम हमेशा अलग तरह की फिल्में करते हैं. चियान विक्रम की फिल्म तंगलान के टाइटल ट्रैक को देखने के लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. अब आखिरकार फिल्म का टाइटल गाना रिलीज हो गया है.इस गाने को देखने के बाद फैंस भी काफी एक्साइटेड हो गए है. ये कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा कि फिल्म में काफी दमदार तरीके से गाने तैयार किए गए है. बता दें कि तंगलान साउथ की एक बड़ी फिल्म होगी. इस फिल्म की कहानी सच्ची दिखाई गई है. तंगलान साउथ की एक अलग और अनोखे कॉन्सेप्ट वाली फिल्म है.गाने के रिलीज के साथ जीवी प्रकाश कुमार द्वारा कंपोज्ड ये मजबूत गाना अपने नाम की तरह ही जोश से भरा है. साथ ही एक अनोखे म्यूजिकल जर्नी पर ले जाता है. कहना गलत नहीं होगा की फिल्म के लिए इस दमदार गाने ने स्टेज तैयार कर दिया है. तंगलान साउथ की एक और बड़ी फिल्म होगी. ये कोलार गोल्ड फील्ड्स की सच्ची कहानी बताती है, जब अंग्रेजों ने इसे खोजा और अपने फायदे के लिए इसका इस्तेमाल किया.फिल्म में चियान विक्रम, पार्वती थिरुवोथु, मालविका मोहनन समेत कई स्टार्स नजर आने वाले हैं. साथ ही फिल्म तंगलान को डायरेक्ट पा रंजीत ने किया है. साथ ही पा रंजीत, के ई ज्ञानवेल राजा, ज्योति देशपांडे और जी धनंजयन ने फिल्म को प्रोड्यूस किया है. म्यूजिक की बात करें तो इस फिल्म का म्यूजिक कंपोज जीवी प्रकाश कुमार ने किया है.



चियान विक्रम और मालविका मोहनन स्टारर फिल्म तंगलानन्य 15 अगस्त, 2024 को हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में दुनिया भर में रिलीज होने वाली है. फिल्म का म्यूजिक जीवी प्रकाश कुमार ने कंपोज किया है.हाल ही में फिल्म तंगलान का दमदार ट्रेलर भी रिलीज किया गया था. ट्रेलर में जादुई दुनिया और काफी ज्यादा रहस्यमय चीजों की एक झलक दिखाई गई थी. फिल्म के ट्रेलर में एक बेहद ही डरावना सीन भी आता है, जब अचानक से एक सांप बाहर निकलकर किसी को काट लेता है. जिसके बाद से ही फैंस भी इस फिल्म को देखने के लिए काफी ज्यादा बेताब दिख रहे है.।

# बाक्स आफिस पर धनुष की रायन का धमाल, वर्ल्डवाइड ग्रास 100 करोड़ का आंकड़ा किया पार



दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार धनुष की फिल्म रायन ने वर्ल्डवाइड 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। धनुष की तमिल एक्शन–ड्रामा रायन 26 जुलाई को सिनेमाघरो में रिलीज हुयी है। फिल्म को क्रिटिक और दर्शकों दोनों का ही प्यार मिल रहा है। फिल्म रायन, धनुष के लिए कई मामलों में खास है। यह उनकी 50वीं फिल्म है और फिल्म को उन्होंने खुद निर्देशित भी किया है।

फिल्म रायन, तमिल, तेलुगु और हिंदी में रिलीज की गयी है। फिल्म रायन को प्रदर्शित हुए नौ दिन हो गये हैं। रायन ने भारतीय बाजार में ग्रास 72 करोड़ से अधिक की कमाई की है, वहीं विदेश भी फिल्म रायन शानदार कमाई कर रही है। रायन ने विदेश में ग्रास 32 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है।

इस तरह रायन ने वर्ल्डवाइड ग्रास 105.38 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है।इस फिल्म में एक शख्स के बदले की कहानी दिखाई गई है। फिल्म रायन में धनुष के अलावा, प्रकाशराज, संदीप किशन, अपर्णा बालमुरली और दुशारा विजयन जैसे कलाकार भी है। फिल्म रायन में एआर रहमान का म्यूजिक है।अपर्णा बालमुरली, सेल्वाराघवन, एसजे सूर्या, प्रकाश राज, सरवनन और वरलक्ष्मी सरथकुमार सहित कलाकारों की टुकड़ी को उनके अभिनय के लिए प्रशंसा मिली है। रेयान की सफलता का श्रेय इसके तकनीकी पहलुओं को भी दिया जा सकता है, जिसमें एआर रहमान के संगीत और ओम प्रकाश की सिनेमैटोग्राफी को व्यापक प्रशंसा मिली है। 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने की फिल्म की उपलब्धि धनुष की स्थायी लोकप्रियता और फिल्म की व्यापक अपील का प्रमाण है। रेयान बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन जारी रखता है, जिससे धनुष की दक्षिण सिनेमा में एक प्रमुख अभिनेता के रूप में स्थिति मजबूत होती है। फिल्म की सफलता से भविष्य की परियोजनाओं के लिए मार्ग प्रशस्त होने की उम्मीद है, प्रशंसकों को धनुष की अगली फिल्म कुबेर का बेसब्री से इंतजार है जो एक तेलुगु, तमिल द्विभाषी है।

# फिल्म औरों में कहां दम था की कमाई में दूसरे दिन मामूली बढ़त, उलझ का हाल–बेहाल

सिनेमाघरों में बीते शुक्रवार यानी 2 अगस्त को औरों में कहां दम था और उलझ जैसी 2 फिल्में रिलीज हुईं। एक तरफ जहां औरों में कहां दम था से अजय देवगन और तब्बू की रोमांटिक जोड़ी दर्शकों के बीच आई, वहीं उलझ से जाह्नवी कपूर ने सिनेमाघरों में वापसी की।जहां दोनों फिल्म की पहले दिन की कमाई ने सबको निराश किया, वहीं दूसरे दिन भी दोनों में से किसी भी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं किया।

औरों में कहां दम था ने पहले दिन 1.85 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जो उम्मीद से बहुत कम था। हालांकि, निर्माताओं के लिए राहत भरी खबर ये है कि इसे शनिवार को वीकेंड का थोड़ा फायदा मिला। फिल्म ने 2.15 करोड़ रुपये कमाए।इस तरह से इसकी कुल कमाई 4 करोड़ रुपये हो गई है। हालांकि, 100 करोड़ रुपये के बजट में बनी ये फिल्म सिनेमाघरों में कितने दिन सांस ले पाएगी, ये कहना मुश्किल ही लग रहा है।

2 अगस्त यानी ओपनिंग डे पर सिर्फ 1.15 करोड़ का कारोबार करने वाली फिल्म उलझ ने दूसरे दिन शनिवार को 1.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया। ये अजय और तब्बू की फिल्म से भी पीछे चल रही है।फिल्म ने 2 दिन में कुल 2.9 करोड़ रुपये कमाए हैं। पहले दिन के मुकाबले कमाई में थोड़ा इजाफा जरूर है, लेकिन ये आंकड़ा इतना भी बड़ा नहीं है, जिससे बॉक्स ऑफिस पर कोई बड़ी उम्मीद जग सके।उलझ का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सधांशु सरिया ने किया है। इस फिल्म में गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू और आदिल हुसैन ने भी अहम भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी भारतीय विदेश सेवा ऑफसर और साजिशों की है।उधर औरों में कहां दम था के निर्देशक नीरज पांडे हैं। इसमें जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर और शांतनु महेश्वरी जैसे कलाकारों ने भी काम किया है।फिल्म में अजय और तब्बू की अधूरी प्रेम कहानी दिखाई गई है, जो ताउम्र पूरी नहीं हो पाती है। औरों में कहां दम था और उलझ दर्शकों के साथ–साथ समीक्षकों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई। इन दोनों ही फिल्मों पर पिछले हफ्ते रिलीज हुई डेडपूल एंड वुल्वरिन हावी हो रही है।फिल्म ने 8वें दिन शुक्रवार को 4.25 करोड़ रुपये और 9वें दिन यानी जब दूसरे दिन अजय और जाह्नवी की फिल्म 3 करोड़ के अंदर सिमट गई, डेडपूल एंड वुल्वरिन ने 7.5 करोड़ रुपये बटोर लिए। इसने भारत में कुल 101.65 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।

# थलापति विजय की फिल्म द ग्रेटेस्ट आफ आल टाइम का तीसरा गाना स्पार्क हुआ रिलीज, थिरकने पर मजबूर कर देंगे बीट्स

थलापति विजय की गोट साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है. फिल्म के मेकर्स ने हाल ही में गोट का टीजर रिलीज किया था. जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिला. वहीं फिल्म से रिलीज हुए पहले दो गानों ने भी दर्शकों की खूब तारीफें बटोरीं. अब मेकर्स फैंस के लिए इसका तीसरा सिंगल लेकर आए हैं. जिसका प्रोमो हाल ही में रिलीज किया गया था. जिसके बाद से ही फैंस गाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. अब आखिरकार सॉन्ग रिलीज कर दिया है. गोट के नए सॉन्ग की शानदार बीट आपको थिरकने पर मजबूर कर देगी. इस एनर्जेटिक डांस नंबर में विजय और मीनाक्षी चौधरी हैं, जिसका म्यूजिक युवान शंकर राजा ने दिया है. म्यूजिशियन और सिंगर वृषा बालू दोनों ने ही गाने को अपनी आवाज दी है. यह सॉन्ग लिरिकली रिलीज किया गया है. जिसकी म्यूजिक और बीट आपको जरुर पसंद आएगा. कुछ दिन पहले ही मेकर्स ने ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की एडवांस बुकिंग का एलान किया था. वहीं थलापति के 50वें बर्थडे पर फिल्म का धांसू टीजर रिलीज किया गया. टीजर में थलापति विजय का डबल रोल देखने को मिला, जिसे देखने के बाद विजय के फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा. टीजर में विजय का ताबड़तोड़ एक्शन देखने को मिला. जिसके बाद फिल्म का दूसरा गाना भी रिलीज किया गया और अब इसका तीसरा गाना स्पार्क रिलीज किया गया है. जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं.थलापति विजय की ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है. फिल्म को वेंकट प्रभु ने डायरेक्ट किया है. फिल्म तमिल, तेलुगु और हिंदी में रिलीज होगी. विजय के अलावा फिल्म में प्रशांत, प्रभु देवा, स्नेहा, लैला, जयराम, मोहन, वैभव और प्रेमगी अमरन जैसे कलाकार शामिल ह

# कल्कि 2898 एडी ने भारत में किया 637 करोड़ से अधिक का कारोबार, शाहरुख की जवान को पछाड़ने की ओर अग्रसर



प्रभास और अमिताभ बच्चन स्टारर डिस्टोपियन साइंस फिक्शन फिल्म कल्कि 2898 एडीय बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है. नाग आश्विन निर्देशित इस फिल्म ने भारत में रिलीज के छह हफ्ते पूरे होने के बाद भी दर्शकों का दिल जीता हुआ है. सैकनिल एंटरटेनमेंट की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने अब तक घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 637.85 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है. याद दिला दें कि शाहरुख खान की श्जवानय ने भारत में 640 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था और प्रभास की फिल्म इस रिकॉर्ड को तोड़ने के काफी करीब है. कल्कि 2898 एडीय में अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण, कमल हासन और दिशा पटानी भी अहम भूमिकाओं में हैं.

फिल्म की कमाई में लगातार थोड़ी कमी आ रही है, लेकिन फिर भी दर्शकों की इसमें जबरदस्त दिलचस्पी बनी हुई है. देखना होगा कि क्या कल्कि 2898 एडीय आने वाले दिनों में जवान को पीछे छोड़ पाती है.कल्कि 2898 एडीय एक महीने से ज्यादा समय से बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है. इस दौरान तमाम फिल्में आई और चली गई लेकिन श्कल्कि 2898 एडी के सिंहासन को कोई नहीं हिला सका.कल्कि 2898 एडी 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. तब से ये फिल्म दर्शकों की फेवरेट बनी हुई है. फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 95.3 करोड़ के कलेक्शन के साथ रिकॉर्ड तोड़ ओपनिंग की थी और फिर एक महीने के दौरान कल्कि 2898 एडी ने ना केवल तमाम रिकॉर्ड अपने नाम किए बल्कि अपने बजट से कई गुना ज्यादा कमाई भी कर ली.

# ब्लैक बाडीकान ड्रेस पहन पूनम पांडे ने दिए किलर पोज, एक्ट्रेस की हाटनेस ने यूजर्स को किया मदहोश

बेबाक अंदाज के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस पूनम पांडे सोशल मीडिया पर कहर बरपाए रहती हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर होते ही तेजी से वायरल हो जाती हैं। वहीं, फैंस पूनम पांडे की हर कातिलाना अदा पर अपना दिल फिदा कर देते हैं।

बॉलीवुड की बोल्ड अभिनेत्री पूनम पांडे एक बार फिर अपने हॉट लुक से सुर्खियों में हैं. हाल ही में, पूनम पांडे को ब्लैक बॉडीकॉन ड्रेस में देखा गया, जिसमें वे बेहद खूबसूरत लग रही थीं. एक्ट्रेस के इस अवतार ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है और उनके फैंस उनके इस लुक को खूब पसंद कर रहे हैं. पूनम पांडे ने ब्लैक बॉडीकॉन ड्रेस के साथ लाइट मेकअप किया हुआ था. खुले बालों और कैजुअल मेकअप के साथ, एक्ट्रेस बेहद स्टाइलिश लग रही थीं. उन्होंने अलग–अलग पोज देते हुए कई तस्वीरें और वीडियो क्लिप्स शेयर किए, जिनमें वे बेहद हॉट और ग्लैमरस लग रही हैं.पूनम पांडे की इन तस्वीरों और वीडियो को देखकर उनके फैंस उनकी खूबसूरती के दीवाने हो गए हैं. फैंस लगातार उनकी तारीफ कर रहे हैं और उनकी तस्वीरों पर ढेर सारे लाइक्स और कमेंट्स कर रहे हैं. पूनम पांडे की इस पोस्ट ने सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है और लोग उनके इस लुक को खूब पसंद कर रहे हैं.रियलिटी शो लॉकअप की कंटेस्टेंट रहीं पूनम पांडे अपनी बोल्ड अदाओं से फैंस के दिलों को धड़काना बखूबी जानती हैं।पूनम पांडे सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड तस्वीरें पोस्ट करती रहती है। जिन्हें देखकर फैंस आहें भरते हैं।

# मानसून के कारण करिश्मा तन्ना के बाल हो रहे खराब



बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा तन्ना ने मुंबई में मानसून के कारण होने वाली परेशानी के बारे में बात की है। उन्होंने कहा कि इस मौसम के कारण उनके बाल उलझ गए हैं।करिश्मा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह अपने लंबे बालों और बेदाग त्वचा का प्रदर्शन कर रही हैं। सफेद कपड़ों में वह कैमरे की तरफ देखकर मुस्कुराती नजर आ रही हैं।कैप्शन के लिए अभिनेत्री ने लिखा, घुंघराले बाल, मानसून।इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी कई तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर में अभिनेत्री पाउडर ब्लू शर्ट के साथ डेनिम और सफेद स्नीकर्स में नजर आ रही हैं। अगली तस्वीर में वह एक इमारत के सामने पोज देती दिख रही हैं। इस फोटो को देखकर ऐसा लग रहा है कि यह विदेश की है।आखिरी तस्वीर में उन्हें केक और एक कॉफी कप के साथ देखा जा सकता है।

अभिनेत्री ने पोस?ट में इस बात का खुलासा नहीं किया है कि ये तस्वीरें कहां की हैं।करिश्मा ने 2001 में क्योंकि सास भी कभी बहू थी शो से टेलीविजन पर डेब्यू किया था। इसके बाद वह पालखी, नागिन 3 और कयामत की रात जैसे शो में नजर आईं।अपने करियर में अभिनेत्री ने लगभग हर चीज आजमाई है। डेली सोप में काम करने के बाद उन्हें बिग बॉस 8 और फियर फैक्टररू खतरों के खिलाड़ी 10 जैसे रियलिटी शो में देखा गया।इसके बाद उन्होंने बड़े पर्दे पर दोस्तीरू फ्रेंड्स फॉरएवर, ग्रैंड मस्ती और संजू जैसी फिल्में कीं।करिश्मा ने करले तू भी मोहब्बत के साथ ओटीटी स्पेस में भी हाथ आजमाया, लेकिन हंसल मेहता द्वारा निर्देशित स्कूप में उनके काम ने उन्हें स्टारडम दिलाया।मार्च में अभिनेत्री ने कहा था कि स्कूप ने उन्हें जो पहचान दी है, इससे दर्शक उन्हें गंभीरता से लेने लगे हैं।

उन्होंने कहा था, स्कूप से पहले भी मुझे लोग जानते थे। मैं काफी समय से इस इंडस्ट्री का हिस्सा रही हूं। मगर इससे मुझे जो पहचान मिली, वह मेरे लिए काफी मायने रखती है। इसके बाद मुझे दर्शकों का ज्?यादा प्?यार मिला है। मेरे फैंस को ऐसा लगता है कि यह मेरे लिए एक अच्?छा बदलाव है। मुझे भी यह बदलाव पसंद आ रहा है।

# फिल्म हंगामा की एक्ट्रेस रिमी सेन ने बदला अपना रूप, चहरे की कराई प्लास्टिक सर्जरी ? अफवाहों पर आयी एक्ट्रेस की सफाई

तस्वीरों को देखकर ऐसा लग रहा है कि रिमी ने सर्जरी करवा ली है। उनके होठों की शेप अलग तरह की देखी जा सकती हैं। हालांकि, अभिनेत्री ने इन अटकलों को हंसी में उड़ा दिया और



स्पष्ट किया कि वह केवल षफिलर्स, बोटॉक्स और पीआरपी उपचारष करवाती हैं। धूम, गोलमाल – फन अनलिमिटेड और जॉनी गद्दार जैसी फिल्मों में नजर आ चुकीं अभिनेत्री रिमी सेन ने हाल ही में तब ध्यान आकर्षित किया जब एक रेडिट यूजर ने उनकी श्पहले और बादश की तस्वीरें पोस्ट कीं। तस्वीरों को देखकर ऐसा लग रहा है कि रिमी ने सर्जरी करवा ली है। उनके होठों की शेप अलग तरह की देखी जा सकती हैं। हालांकि, अभिनेत्री ने इन अटकलों को हंसी में उड़ा दिया और स्पष्ट किया कि वह केवल षफिलर्स, बोटॉक्स और पीआरपी उपचारष करवाती हैं। हिंदुस्तान टाइम्स से बात करते हुए रिमी ने प्लास्टिक सर्जरी करवाने की अफवाहों पर बात करते हुए कहा, ष्अगर लोगों को ऐसा लग रहा है कि मैंने प्लास्टिक सर्जरी करवाई है... अगर यह अच्छे तरीके से हो, तो यह मेरे लिए बहुत अच्छा है। बिना प्लास्टिक सर्जरी करवाए ही लोग बोल रहे हैं। मैंने सिर्फ फिलर्स, बोटॉक्स, पीआरपी ट्रीटमेंट करवाया है, इसके अलावा कुछ नहीं। 42 वर्षीय अभिनेत्री ने कॉस्मेटिक प्रक्रियाओं पर अपने विचार साझा करते हुए खुलासा किया कि वह भविष्य में फेसलिफ्ट करवाने पर विचार करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने बताया कि भारत के बाहर भी कई प्रतिभाशाली डॉक्टर हैं जो फेसलिफ्ट में विशेषज्ञ हैं और वह 50 साल की उम्र होने के बाद इस प्रक्रिया को करवाने के बारे में सोच सकती हैं। रिमी ने कहा जब तक कोई व्यक्ति कोई अपराध करके भाग न रहा हो, तब तक उसे प्लास्टिक सर्जरी करवाने की जरूरत नहीं होनी चाहिए! भारत के बाहर भी कई अच्छे डॉक्टर हैं जो फेसलिफ्ट में बहुत अच्छे हैं। मैं भी इसे करवाना चाहती हूँ, लेकिन मैं 50 की उम्र पार करने के बाद इस बारे में सोचूँगी। अभी तो ये सब से काम चल रहा है।

# सावन मास में बाबा भोलेनाथ के साथ मां पार्वती की पूजा से होते हैं सभी कष्ट दूर



ब्यूरो सलेमपुर, देवरिया। क्षेत्र के मंगराइच स्थित जयराम ब्रम्ह स्थान पर सोमवार को आयोजित एक दिवसीय शिवपुराण कथा में आचार्य अजय शुक्ल ने श्रद्धालुओं को कथा सुनाते हुए बताया कि श्रावण मास में बाबा भोलेनाथ के साथ माता पार्वती जी की पूजा मानव के सभी कष्टों को हरने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है।महामृत्युंजय मंत्र जप व रुद्राभिषेक कराना भी इस उत्तम मास में बहुत ही पुण्यदायी फल देने वाला होता है।जो भक्त पूरे मनोयोग से रुद्राभिषेक के पश्चात हवन कराता है वह कई गुणा पुण्य प्राप्त कर रोग, व्याधि व कष्टों सेछुटकारा पा जाता है।अगर भक्त शहद, घी व दूध मिश्रण कर दूर्वा से हवन करते हैं तो आप दीर्घायु होते हैं। मन शांति के लिए तिल से हवन,दरिद्रता दूर करने के लिए घी, दूध व कमल से हवन करें तो आपके घर मे धन व वैभव की वृद्धि होती है, अगर आप बिल्व पत्र से हवन कुंड में हवन करते हैं तो आपको दुश्मन व वशीकरण से मुक्ति मिलती है, इसके अलावा शोहरत में वृद्धि होती है। सांसारिक मोह माया से दूर कष्ट निवारण के लिए सोमवार को जलाभिषेक करने से जीवन धन्य हो जाता है।पितृ दोष के निवारण के लिए गंगाजल में काला तिल मिलाकर जलाभिषेक करें ,साथ ही नाग स्त्रोत का पाठ करें। देवों के देव महादेव शिव जी अपने भक्तों के प्रति बहुत ही दयालु हैं।आज तक इस धरा पर जिसने भी पवित्र मन से बाबा भोलेनाथ की साधना की है वह कभी भी निराश नहीं लौटा है। महापापी भी अगर महाशिवरात्रि पर्व के दिन रुद्राभिषेक किया तो वह अगर महापाप भी किया है तो उसका वह पाप समाप्त हो जाता है,वह इस सांसारिक लीला से पार पा जाता है।इसलिए मानव जाति के सबसे प्रिय बाबा भोलेनाथ ही होते हैं। कथा को आगे बढ़ाते हुए आचार्य अजय शुक्ल ने कहा कि महामृत्युंजय मंत्र जप करने से जीवन पर्यन्त कहीं कोई बाधा नही आती है।सागर मंथन के दौरान जो विष निकला वह भगवान शिव ने अपने भक्तों के कल्याण के लिए ग्रहण कर लिया ।इससे उनके शरीर में बेचौनी व गले में तीव्र जलन होने लगा इसे देखकर सभी देवता परेशान हो गए, इस समस्या के निवारण के लिए सभी मिलकर बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक किए जिसके कारण उनको शांति मिली। उसके पश्चात हर कष्ट दूर करने के लिए भक्त उनका जलाभिषेक करने लगे।

# दृष्टिबाधित बच्चों के आखों की जांच हेतु कैम्प का किया गया आयोजन

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

देवरिया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अनुमति एवं बीएसए शालिनी श्रीवास्तव के निर्देश के क्रम में श्राफ आई हास्पिटल नई दिल्ली के स्वास्थ्य टीम के प्रतिनिधि राकेश कुमार एसिस्टेन्ट मैनेजर, प्रोजेक्ट प्रकाश, रानू प्रिया, सौम्या कौशल, सौरभ सिंह, विद्या प्रकाश के सहयोग से दृष्टिबाधित बच्चों का परीक्षण किया गया, जिसमें 71 बच्चों के आंखों की जांच की गयी। सर्जरी के लिए 20 एवं चश्मे के लिए 13 बच्चों को चिन्हित किया गया। कैम्प के उद्देश्य के बारें में जिला समन्वय समेकित शिक्षा ज्ञानेन्द्र सिंह के द्वारा बताया गया कि आज बीआरसी लार में कैम्प का आयोजन श्राफ आई हास्पिटल नई दिल्ली द्वारा किया गया, जिसमें लार, बनकटा, भाटपाररानी, सलेमपुर, भटनी, भागलपुर, बरहज के दृष्टिबाधित बच्चें शामिल हुए। सर्जरी के चिन्हित बच्चों को श्राफ आई हास्पिटल नई दिल्ली रिफर किया गया है, जिनका पुनः परीक्षण कर आवश्यकतानुसार सर्जरी एवं चश्मा निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा। इस मौके पर स्पेशल एजूकेटर वेद प्रकाश द्विवेदी, राम नयन यादव, बृजेन्द्र नाथ तिवारी, रामप्यारे दूबे, नीलम त्रिपाठी, मारकण्डेय दूबे, रीना वर्मा, राम प्रसाद, विनोद कुमार,

संजय यादव, उपस्थित रह कर कैम्प में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। इसी प्रकार 7 अगस्त को बीआरसी देवरिया सदर में आयोजित होने वाले कैम्प में दृष्टिबाधित बच्चें शामिल होकर लाभ ले सकते हैं।

## इटवा पुलिस द्वारा बालक के हत्या के आरोपी बाल अपचारी को 24 घण्टे के अन्दर पुलिस अभिरक्षा में लेकर भेजा गया न्यायालय।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में इटवा थाने पर दिनक 04.08.2024 को पंजीकृत मु0अ0स0 122/2024 धारा 137(2) मे गुमशुदा बच्चा राज गिरी उर्फ बन्टी पुत्र राजेश कुमार गिरी निवासी अमौली एकडंगा टोला करमहवा थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर उम्र करीब 05 वर्ष का शव को बरामद किया था

तथा बरामदगी व साक्ष्यं संकलन के आधार पर मुकदमा धारा 103(1) बी0एन0एस0 की बढोत्तरी करते हुए प्रकाश मे आये बाल अपचारी को आज करहिया पुल के बगल स्थित मन्दिर के पास से पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया तथा न्यायालय भेजा गया।

## जनपदीय एस0ओ0जी0सर्विलांस व थाना सिद्धार्थनगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा बाइक चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

जनपद सिद्धार्थनगर में हुई बाइक चोरी की घटनाओं के लिए पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा एस0ओ0जी0ध्सर्विलांस व थाना सिद्धार्थनगर पुलिस की एक विशेष टीम का गठन किया गया था गठित टीम ने चेकिंग के दौरान फायर सर्विस मोड झण्डेनगर के पास से 2 अभियुक्तों को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया जिसकी निशानदेही पर चोरी की अन्य 10 अदद मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया चोरी की बरामद मोटर साइकिलों के संबंध में थाना सिद्धार्थनगर पर मु0अ0सं0– 139/2024 धारा 303(2) बी.एन.एस.पंजीकृत था गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर उपरोक्त मुकदमें में धारा 317(4),318(4),319(2),336(3),338,340(2) बी.एन.एस. की बढोत्तरी कर गिरफ्तार अभियुक्तों को विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय रवाना किया गया।

# जनता के बीच मे प्रसंसनीय और मशीहा बने जिलाधिकारी।

# कार्यों को देखकर हर कोई हुआ मुरीद।

## सरकार की योजना नियम मानक के अनुसार कार्य करे विभाग।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

जिले में कई जिलाधिकारी आये और अपनी सेवा देकर चले गए जिस तरह का पद है जिम्मेदारियां भी उतनी ही चुनौती से भरा होता पूरे जिले के सभी विभागों की जिम्मेदारियो पर नजर रखना किसी चुनौती से कम नही है वैसे तो कई जिलाधिकारी आये और उन्होंने भी जिले में काफी काम किया सभी का नजरिया और काम करने का अपना तरीका होता है लेकिन एक बात सही है कि अपनी जिम्मेदारी को लेकर और जनता की समस्या को खत्म करने की तरफ किसी ने जिम्मेदारी से काम नही किया इसलिए आज जनता की नजर में अधिकारियों की क्या भूमिका है बताने की जरूरत नही अपने कार्यो से संबंधित समस्या को लेकर जाने पर विभागों के चक्कर लगाने से लोग मायूस हो जाते थे और कोई भी जिम्मेदार जमीन पर उतरकर जनता की समस्या का समाधान नही करता था लेकिन नवागत जिलाधिकारी की कार्यशैली को देखकर उनका नजरिया बदला है। बताते चले जिले में जब से जिलाधिकारी राजा गणपति आर का आगमन हुआ और आते ही उन्होंने जिस तरह कार्य करना शुरू किया कुछ ही दिनों में उनकी कार्यशैली को देखर गरीब असहाय और आम आदमी उनका मुरीद बन गया अभी तक एयर कंडीशन कमरे में बैठकर अधिकारी जनता की समस्या को सुन जरूर लेते थे लेकिन उनके निस्तारण में वर्षो लग जाते थे और लोग थककर हार मान लेते थे लेकिन जिलाधिकारी के जमीन पर उतर कर कार्य करने और लोगो की समस्या को सुलझाने के कार्य को देखकर लोग प्रशंसा करते नही तक रहे आज एयर कंडीशन कमरे में बैठे अधिकारी भी जमीन पर उतर कार्य कर रहे है सभी विभागों और कर्मचारीयो में इस बात का भय भी है की कही उनको जिलाधिकारी के नाराजगी का सामना न करना पड़े जिले में हो रहे बदलाव से जनता खुश है।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया आंगनबाड़ी का निरीक्षण।




ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

मुख्य विकास अधिकारी, जयेन्द्र कुमार द्वारा ग्राम पंचायत भेलौजी बुजुर्ग विकास खण्ड–लोटनबाजार में विद्यालय परिसर में नवनिर्मित आंगनबाडी भवन का निरीक्षण किया गया। महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं राज्य वित्त योजना तथा बाल विकास पुष्टाहार योजना के अन्तर्गत कन्वर्जेन्स के माध्यम से नवीन आंगनबाडी निर्मित किया गया है। आगनबाडी भवन में रैम्प का निर्माण कार्य अभी तक नही कराया गया है। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि रैम्प का कार्य तत्काल पूर्ण कराते हुए हस्तान्तरित कराना सुनिश्चित करें। जिससे संचालन प्रारम्भ कराया जा सके।

## कुएं का पानी पीने से 7 दिन में दो बच्चों सहित चार की मौत

प्रयागराज(आरएनएस)। गंगापार विकास खण्ड सा दा बाद के भदवां गाँव में कुएं का दूषित पानी पीने से 7 दिनों में 4 लोगों की मौत हो गई। घटना से खलबली मच गई है। गांव के 22 लोगों बीमार हैं। उनका इलाज अस्पतालों में चल रह है। मरने वालों में दो बच्चे भी हैं। बीमारों में भी बच्चों की संख्या ज्यादा है। बताते हैं कि कुएं का पानी इतना दूषित है कि बच्चों के पेट तेज दर्द होने लग रहा। साथ ही डायरिया समेत अन्य परेशानी हो रही है। हाल यह है कि उस गांव के लोग पड़ोस के गांव से पानी लाकर पीने को मजबूर हैं। मौतें और बीमार होने वालों के बढ़ते आंकड़ों से गांव में आक्रोश है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पहुंच जांच में जांच की। दवाओं को भी बांटा गया है। कुएं के पानी की जांच की जा रही है। मृतकों में तीन साल की संजना, 10 साल के दिवाकर, 35 साल के चन्नर और 70 साल की मटूरी देवी शामिल हैं। बीमार होने वालों में सत्यम, कुसुम, लक्ष्मी, सुदंरम, सिंटू, आनंद, आश्वनी, जीतलाल, शिव हरि, उर्मिला, सन्नो देवी, दिपांशु आदि हैं।यहां दूषित पानी की शिकायत काफी दिनों से की जा रही थी। गांव में पानी पीने के लिए महज एक ही कुएं है। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंच जांच में जुटी है। लोगों को कुएं का पानी न पीने को कहा गया है।गांव के लोगों का आरोप है कि वह कई दिनों से प्रधान समेत अन्य अधिकारियों से शिकायत कर रहे थे लेकिन उनकी नहीं सुनी गई। जब दो मौतें हुई तो यही कहा गया कि बीमारी से मरें। जब हर घर के बच्चे पानी पीते ही पेट दर्द से रोने लगें तो मामला समझ में आया।

## भदवा गाँव पहुंचे सपाई, मृतकों के परिजनों को बधाया ढाढ़स

प्रयागराज(आरएनएस)। जिले के विकास खंड सैदाबाद अंतर्गत भदवा गाँव में दूषित पानी पीने के चलते हुई 5 लोंगो की मौत पर आज सपा नेताओं ने मौके पर जाकर मृतकों के परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढ़स बंधाया एवं बीमार लोंगो से मिलकर चिकित्सा सुविधा का हाल जाना। सपा नेताओं ने चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने में घोर लापरवाही, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने आदि को लेकर स्थानीय एस डी एम सहित मुख्य चिकित्सा धिकारी को मौके पर से ही फोन लगाकर बात करनी चाही मगर दोनों अधिकारियो का फोन नहीं उठा। सपा नेताओं ने मौके से लौटकर कार्यवाहक जिलाधिकारी सेमिलकर हालात को बताया तथा फोन नहीं उठाने वाले अधिकारियों की शिकायत करते हुए नाराजगी भी जाहिर किया। सपा नेताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर गाँव में शुद्ध पानी के लिये तत्काल टेंकर सेपानी भेजनें, हैण्डम्प की स्थापना, कुओं की सफाई एवं दवाई डालने, मृतकों के परिजनों को 20–20लाख रूपये का मुआवजा दिलाने, बीमार लोंगो को निशुल्क इलाज कराने, एम्बुलेंस उपलब्ध कराने, पानी टंकियों एवं जिले भर के कुओं मे दवाई एवं कलोरीन डलवाने तथा भदवा गाँव में हुई मौतों की न्यायिक जाँच कराने की मांग उठाई है।

इस मौके ओर जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, विधायक हाकिम लाल बिन्द, पूर्व विधायक मुजतबा सिद्दीकी, दान बहादुर मधुर, शांति प्रकाश पटेल, आर एन यादव, सुशील यादव राजू पासी, खिन्नी लाल पासी, नाटे चौधरी, सचिन श्रीवास्तव, जीतराज हेला, त्रिभुवन यादव आदि मौजूद रहे।

## दो गुमशुदा बालिकाओं को बरामद कर परिजनों को सौंपा

प्रयागराज(आरएनएस)। कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा चलाये जा रहे "ऑपरेशन मुस्कान" के तहत थाना खुल्दाबाद पुलिस द्वारा 2 गुमशुदा बालिकाओं को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। पुलिस आयुक्त व अपर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज के निर्देशन में चलाये जा रहे "ऑपरेशन मुस्कान" के क्रम में पुलिस उपायुक्त नगर व सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली के पर्यवेक्षण में थाना खुल्दाबाद पुलिस टीम द्वारा "ऑपरेशन त्रिनेत्र" के अन्तर्गत लगवाये गये सीसीटीवी कैमरों की सहायता से गुमशुदा बालिकाओं को त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर उनके माता पिता को सुपुर्द किया गया। गुमशुदा बालिकों से मिलकर परिजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

## रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन ने किया सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु गोष्ठी का आयोजन

प्रयागराज(आरएनएस)। रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन ने मंगलवार ६ जुलाई को महर्षि पतंजलि स्कूल में सर्वाइकल कैंसर पर गोष्ठी का आयोजन किया। रोटेरियन डॉ अर्पित बंसल ने छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के कारण व बचाव के बारे में बताया।

डॉ अर्पित ने बताया कि यह गर्भाशय (गर्भ) के निचले हिस्से में एक घातक ट्यूमर है जो पैप स्मियर स्क्रीनिंग और एचपीवी वैक्सीन द्वारा रोका जा सकता है। यह वैक्सीन 45 वर्ष की आयु तक दिया जा सकता है। सबसे अच्छा समय 9–13 वर्ष की आयु के बीच है। इसका कारण यह है कि टीकों की प्रभावशीलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या आप पहले से ही सर्वाइकल कैंसर के कारण बनने वाले एचपीवी वायरस के संपर्क में आ चुके हैं या नहीं।

## इम्तियाज गाजी को डाक्टर आफ ह्यूमैनिटी की उपाधि

प्रयागराज(आरएनएस)। नगर के युवा साहित्यकार इम्तियाज अहमद गाजी को नाइजीरिया की लाइटहाउस लीडरशिप यूनिवर्सिटी की तरफ से डॉक्टर ऑफ ह्यूमैनिटी की ऑनरेरी उपाधि प्रदान की गई है। इस यूनिवर्सिटी ने साहित्यिक कार्यों के लिए देश के विभिन्न राज्यों से 14 लोगों का चयन किया था, जिनमें इम्तियाज गाजी भी शामिल हैं। इन सभी 14 लोगों को उपाधि प्रदान करने के लिए अमरावती (महाराष्ट्र) में यूनिवर्सिटी की तरफ से 02 अगस्त 2024 को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। स्वास्थ्य ठीक न होने की वजह से इम्तियाज कार्यक्रम मे पहुंच नहीं पाये थे, इसलिए इन्हें डाक से उपाधि भेजी गई है।श्री गाध्जी की विभिन्न विषयों पर अब तक 21 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। किताब 'फूल मुखघतिब हैं' के लिए इनका नाम 'इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड' में भी दर्ज कियाा जा चुका है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान और इटावा हिन्दी सेवा निधि समेत आधा दर्जन से अधिक संस्थाओं द्वारा विभिन्न अवसरों पर इन्हें नवाजा जा चुका है।

## अल्पसंख्यक कांग्रेस ने मनाया सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का जन्मदिन

प्रयागराज(आरएनएस)। राज्यसभा सांसद गरीबों मजलूमों की आवाज अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब इमरान प्रतापगढ़ी की यौमे पैदाइश पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने शहर अध्यक्ष अरशद अली की अगुवाई में मदरसों के बच्चों के बीच राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का जन्मदिन मनाया।इस मौके पर अरशद अली ने कहा इमरान प्रतापगढ़ी गरीबों मजलूमों की आवाज को राज्यसभा में बड़ी मजबूती से उठते हैं और उनके हक और हुकूब की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ने का काम करते हैं। आज उनकी यौमे पैदाइश पर मदरसे के बच्चो को मिठाई और फल बाट कर उनकी लम्बी उम्र और सेहत की दुआ मांगी गई। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पीसीसी सदस्य फुजैल हाशमी जी ने फोन द्वारा इमरान प्रतापगढ़ी को जन्म दिन की बधाई और शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के शहर उपाध्यक्ष महफूज अहमद, परवेज सिद्दीकी, तालिब अहमद, मो हसीन, हाजी सरताज, जाहिद नेता मुख्तार अहमद, गुलाम वारिस, मो मोबिनमही, मो आदिल, हसन रजा, मो अल्तमस बिलाल खान, आदि मौजूद रहे।

# युवाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बना रही है सरकार, रोजगार मेले बन रहे हैं माध्यम

## प्रयागराज में मौजूदा वित्तीय वर्ष में रोजगार मेलों से 200 बेरोजगार युवाओं को मिला आफर लेटर

## हर महीने चार से पांच रोजगार मेलों के आयोजन की पहल से अधिक युवाओं का हो रहा है चयन

प्रयागराज(आरएनएस)। युवाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार से जोड़ने के लिए प्रदेश की योगी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। युवाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए एक तरफ जहां विभिन्न योजनाओं के माध्यम से से उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जा रहा है तो वहीं बेरोजगार युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए लगातार रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद प्रयागराज में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय कैंपस में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में आई विभिन्न सेक्टर की पांच कंपनियों ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर, चयनित किया।

प्रभारी सहायक निदेशक (सेवायोजन) प्रयागराज सी के सिंह ने बताया कि इस रोजगार मेले मे 5 कंपनियों ने बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर चयन प्रक्रिया पूरी की और बेरोजगार युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किया गया । इस रोजगार मेले में 67 बेरोजगार अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया, जिसमें से अन्तिम रूप से 33 अभ्यर्थी चयनित किए गए। मेले में नये रोजगार संगम पोर्टल पर बेरोजगार अभ्यर्थियों हेतु उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही पोर्टल पर पंजीयन के लाभ से भी अवगत करा, उनका रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण भी कराया गया।प्रभारी सहायक निदेशक के मुताबिक जिले में मौजूदा वित्तीय वर्ष में अब तक 200 बेरोजगार युवाओ को नौकरी प्रदान की गई है। सरकार की नई रोजगार नीति के अंतर्गत अब हर महीने चार से पांच रोजगार मेलों के आयोजन का लक्ष्य तय किया गया है। इस वर्ष 43 रोजगार मेलों के आयोजन का लक्ष्य जिसमें अब तक सात रोजगार मेले आयोजित हो चुके हैं। रोजगार मेला प्रभारी प्रशांत के मुताबिक क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज द्वारा बीते एक वर्ष में (01 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक) में कुल 18 वृहद रोजगार मेले आयोजित करने का लक्ष्य मिला था जिसके सापेक्ष कुल 40 रोजगार मेले आयोजित किए गए। इन रोजगार मेलों के जरिए 5576 अभ्यर्थियों को रोजगार मुहैया कराया गया। इसके पूर्व वर्ष 2022–23 में 25 वृहद मेलों का आयोजन किया गया जिसमें 6687 युवाओं को नौकरी मिली। रोजगार के लिए सभी विभागों में हेल्प डेस्क स्थापित की जा रही है। नए वित्तीय वर्ष में इसके लिए नए रोजगार पोर्टल की शुरुआत हुई है। प्रक्रिया को और सरलीकृत करने और अधिक कंपनियों तक इसकी पहुंच बनाना आसान हुआ है। योगी सरकार ने अपनी इस मुहिम में शहरी, ग्रामीण और अल्पसंख्यक क्षेत्रों में पृथक रूप रोजगार मेलों का आयोजन किया है।

# जानलेवा कमरों में पढ़ने के लिए मजबूर हैं बच्चे इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने लिखे पत्र लेकिन खंड शिक्षा अधिकारी ने नहीं की कोई कार्यवाही

प्रयागराज(आरएनएस)। उच्च प्राथमिक विद्यालय बालमपुर में बना अतिरिक्त कक्ष जीर्ण, जर्जर, क्षतिग्रस्त अवस्था में है जो बच्चों के लिए जानलेवा है। इस बारे में इंचार्ज प्रधानाध्यापक राजकुमार तिवारी ने खण्ड शिक्षा अधिकारी भदैयाँ को प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया है।प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि उक्त जीर्ण क्षीर्ण, जर्जर, क्षतिग्रस्त अतिरिक्त कक्ष बच्चों के लिए जानलेवा है और कभी भी ढह सकता है। उसकी छत ऊपर से फट गई है जिससे पानी रिसने से लोहे की सरिया जंग खाकर सड़ कर कमजोर हो गई है। दरवाजे खिड़कियों में कोई पल्ले नहीं है, फर्श कच्ची है, दीवारों में लोना और काई लगे हुए हैं। विद्यालय में 2013 से निर्माणाधीन इस अतिरिक्त कक्ष को स्कूल को हैंडओवर न होने के कारण उसकी रंगाई, पुताई, मरम्मत आदि 30 जुलाई 2021 को राजकुमार तिवारी के इंचार्ज बनने के पहले किसी इंचार्ज द्वारा नहीं कराया जा सका। अतिरिक्त कक्ष के निर्माण हेतु वर्ष 2013 में विद्यालय के ही शिक्षक गनेश द्वारा संचालित खाते में दो लाख पांच हजार प्राप्त हुए जो कि पूरी रकम खाते से निकाली जा चुकी है परंतु पिछले 10 वर्ष बीतने के बावजूद भी न तो उसका निर्माण पूरा हुआ न ही विद्यालय अभिलेखों में कभी स्कूल को हस्तांतरित किए जाने का कोई विवरण है।

वर्ष 2017 से वर्ष 2021 तक विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक अजय विक्रम सिंह रहे। फिर 2021 से राज कुमार तिवारी विद्यालय इंचार्ज रहे और अब इंचार्ज का चार्ज पुनः गनेश के पास है। परंतु उक्त जर्जर अतिरिक्त कक्ष जो स्कूल के मुख्य द्वार पर ही स्थित है विद्यालय के सौंदर्यीकरण में बाधक है।

खंड शिक्षाधिकारी भदैया उदयराज मौर्य तीन बार विद्यालय निरीक्षण में आए और अतिरिक्त कक्ष की दुर्दशा को अपनी आंखों से देखा तथा अध्यापकों द्वारा बताया दिखाया गया परंतु उन्होंने देखकर भी उसे अनदेखा कर दिया। खंड शिक्षा अधिकारी भदैया की मामले में उदासीनता और लापरवाही के कारण अब तक इसके लिए किसी भी अध्यापक या अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित नहीं किया जा सका है। ग्राम प्रधान बालमपुर से कायाकल्प के संबंध में बात करने पर उन्होंने निर्माणाधीन और अहस्तांतरित होने के कारण उक्त अतिरिक्त कक्ष का कायाकल्प एवं मरम्मत कराने से साफ मना कर दिया।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।